RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2023-2024

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-08 अंक-325 जयपुर, शनिवार, 15 जून 2024 मूल्य-4 रूपये

# नीट परीक्षा केस का आरोपी बोला-हमें हू-ब-हू पेपर मिला था

## नीट पेपर लीक- सुप्रीम कोर्ट का एनटीए को नोटिसः शिक्षा मंत्री प्रधान स्टूडेंट और पेरेंट्स से मिले, बोले- कोर्ट जो भी कहेगा, हम करेंगे

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार 14 जून को नीट यूजी पेपर लीक और इसकी सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि एनटीए दो हफ्तों के अंदर इस पर अपना पक्ष रखे। इस मामले पर 8 जुलाई को अगली सुनवाई होगी।

पिटीशनर हितेश सिंह कश्यप का आरोप है कि गुजरात के गोधरा में जय जल राम परीक्षा सेंटर को चुनने के लिए कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड आदि राज्यों में 26 छात्रों ने 10-10 लाख रुपए घूस दी थी।

कश्यप ने कहा कि इस सेंटर पर ड्यूटी दे रहे टीचर सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार टीचर के पास से सभी 26 छात्रों की डीटेल मिली है। इसलिए इस मामले की सीबीआई जांच जरूरी है।

वहीं, कुछ स्टूडेंट्स और पेरेंट्स ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। प्रधान ने भरोसा दिया कि जांच में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। सरकार पारदर्शी प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है। कोर्ट के सामने पारदर्शिता से बात रखेंगे। कोर्ट जो भी आदेश देगा, उसका पालन करेंगे।

उन्होंने कहा कि परीक्षा अच्छी हुई है, एक-दो जगह की घटना सामने आई है, इसकी इन्क्वायरी चल रही है। ये सब कोर्ट के संज्ञान में है। कोर्ट जो भी कहेगा, हम करेंगे।



### बिहार में 19 गिरफ्तार

'नीट परीक्षा में किसी प्रकार की धांधली, भ्रष्टाचार या पेपर लीक का कोई भी पुख्ता सबूत अभी तक सामने नहीं आया है। पेपर कहीं भी लीक नहीं हुआ है। एनटीए में भ्रष्टाचार का सवाल ही नहीं उठता। यह बहुत विश्वसनीय निकाय है।' यह बयान गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिया। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया X पर भी यही बात कही। 'पटना के लर्न हॉस्टल में मुझे 4 मई को ले जाया गया। मुझे प्रश्न पत्र उत्तर सहित दिया गया और याद करने के लिए कहा गया था। आज की परीक्षा में सभी प्रश्न शत-प्रतिशत मिले थे। मेरे साथ वहां 20-25 परीक्षार्थी भी मौजूद थे। उनको भी प्रश्न पत्र उत्तर सहित दिया गया और रटाया गया।'

ये बयान पेपर लीक मामले में पटना से सबसे पहले गिरफ्तार हुए आरोपी आयुष का है। पटना पुलिस ने ये बयान कोर्ट में भी पेश किया है।



### प्रधान बोले- कोर्ट जो भी कहेगा, हम करेंगे

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हमने कुछ स्टूडेंट्स को बुलाया था, उनके पेरेंट्स से भी मिला। मैंने उनको आश्वस्त किया है कि सरकार पारदर्शी प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है। 24 लाख एप्लीकेंट्स थे, 23 लाख 33 हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। स्टूडेंट्स की कुछ शंकाएं सामने आई थीं।

प्रधान ने कहा कि 6 सेंटरों पर गड़बड़ियों बात भी सामने आई। ग्रेस मार्क्स को लेकर भी आपत्ति आई है। कल ही सुप्रीम कोर्ट ने 1500 से ज्यादा स्टूडेंट्स को दोबारा एग्जाम देने का बोल दिया है। नीट को लेकर सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स में 41 पिटीशन लगी हैं।

### हाईकोर्ट के मामले भी सुप्रीम कोर्ट को ट्रांसफर हों- एनटीए

स्टूडेंट्स ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी समेत 7 राज्यों की हाईकोर्ट में नीट में गड़बड़ियों को लेकर याचिकाएं दायर की हैं। एनटीए ने कहा है कि अलग-अलग कोर्ट के अलग-अलग फैसला सुनाने से छात्रों में भ्रम फैल सकता है। इसलिए सभी मामले सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किए जाएं।

### कोर्ट में दिया पटना पुलिस का बयान

पुलिस ने अपने बयान में बताया था कि सूचना मिलने पर बेली रोड पर पटेल भवन की तरफ से एक सफेद रंग की डस्टर गाड़ी आती दिखी। उसको रोका गया। उसमें ड्राइवर समेत तीन लोग थे। सभी भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने उन्हें रोक लिया। गाड़ी में सिकंदर यादवेन्द्र उम्र- 56 वर्ष, अखिलेश कुमार उम्र करीब 43 वर्ष और विटू कुमार 38 मौजूद थे।

पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि हमने नीट परीक्षा में सेटिंग की है। पटना के अलग -अलग सेंटर्स पर हमारे कुछ छात्र परीक्षा दे रहे हैं। इसके लिए सेटर संचालक संजीव सिंह, रॉकी, नीतीश और अमित आनंद ने सेटिंग कराई है। हमारे कुछ कैंडिडेट्स को वो लोग नीट की परीक्षा के प्रश्नों के उत्तर रटवाने के लिए ले लिए खेमनीचक ले गए हैं।

### पूर्णिया में 20 लाख में हुई थी डील

पूर्णिया में नीट परीक्षा के दौरान पेपर लिखते 4 आरोपी पकड़े गए थे। ये डमी कैंडिडेट दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे थे। पुलिस पूछताछ में सभी ने बताया कि 20 लाख में उनकी डील तय हुई थी। पेपर पूरा होने के बाद सभी को 5 लाख प्रति कैंडिडेट मिलने थे।

# बीजेपी सांसद मन्नालाल रावत को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर**

उदयपुर से बीजेपी सांसद मन्नालाल रावत को जान से मारने की धमकी देने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया है। युवक बीटीपी (भारतीय ट्राइबल पार्टी) पर दिए एक बयान से सांसद से नाराज था। इसके बाद सोशल मीडिया पर धमकी भरा कमेंट किया।

गोवर्धन विलास थानाधिकारी अर्जुनलाल सालवी ने बताया कि मामले में सुनी कुनी उर्फ कुंती भगोरा (21) पुत्र लक्ष्मण निवासी धरियावाद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जयपुर के शाहपुरा से बीएससी बीएड सेकंड ईयर में पढ़ाई कर रहा है।

थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की गई है। उसने बताया कि वह किसी भी राजनीतिक विचारधारा से नहीं जुड़ा है। बीजेपी सांसद मन्नालाल रावत ने गुजरात में बीटीपी को नोटा से कम वोट मिलने और कांकरी डूंगरी कांड में लोगों को बाहरी(झारखंड से) बताने वाले वाले बयान से नाराज था। इससे आहत होकर सोशल मीडिया पर धमकीभरा कमेंट कर दिया। अब उसे अपनी गलती पर पछतावा है।




# यौन शोषण केस, येदियुरप्पा की गिरफ्तारी अगली सुनवाई तक रुकी

**बेंगलुरु**

नाबालिग से यौन शोषण के आरोप मामले में कर्नाटक के पूर्व ष्ट्रू और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा को गिरफ्तारी को अगली सुनवाई तक रोक दिया गया है। कर्नाटक हाई कोर्ट ने कहा कि येदियुरप्पा को 17 जून को सीआईडी के सामने हाजिर होना पड़ेगा। तब तक उन्हें गिरफ्तार और हिरासत में नहीं लिया जा सकेगा।

येदियुरप्पा के वकील अंदीप सी पाटिल ने कहा कि मामले की जांच कर रहीं एजेंसियों की गलत कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने कहा कि येदियुरप्पा पूर्व सीएम हैं, उनकी उम्र और मामले की जांच में उनके व्यवहार को ध्यान में रखते हुए यह ऐसा मामला नहीं है जहां जांचकर्ता को कोर्ट जाकर वारंट लेना चाहिए था।



पाटिल ने आगे कहा कि कोर्ट ने कहा कि किसी भी तरह की गिरफ्तारी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि येदि सहयोग कर रहे हैं। इसलिए इस तरह के किसी भी वारंट या अन्य को रोक दिया जाता है और जांचकर्ता अब से कोई भी कदम नहीं उठा सकते हैं। येदियुरप्पा ने पहले ही लेटर लिखा है, इसमें 17 जून को पेश होने की बात कही है। पूरी संभावना है कि येदि 17 जून को पेश होंगे।

# एमपी के उज्जैन में सटोरियों से 15 करोड़ कैश जब्त

## 3000 गड्डियां और 7 देशों की करेंसी मिली

**उज्जैन**

उज्जैन पुलिस ने एक घर में छापा मारकर सटोरियों से 15 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। इनमें पांच-पांच सौ के नोटों की 3000 गड्डियां हैं। इसके अलावा 7 किलो चांदी और 7 देशों की विदेशी मुद्रा भी जब्त की है। पुलिस रातभर नोट गिनती रही। शुक्रवार सुबह नोट गिनने के लिए मशीनें लगानी पड़ी। पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये एमपी, राजस्थान और पंजाब के रहने वाले हैं। मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया।

पुलिस को कृष्णा पार्क और मुस्सद्दीपुरा में बिल्डर पीयूष चोपड़ा के घर में गेमिंग और आईपीएल सट्टे की सूचना मिली थी, जिसके बाद यह रेड की गई। पुलिस के छापे की सूचना मिलने के कारण यहां



कारोबार चलाने वाला मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा भाग निकला।

**जूम मीटिंग से होती थी सट्टेबाजी**

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि बुकी जूम मीटिंग के माध्यम से जुड़ते थे। एक बार में एक लाइन पर 50,000 से 25,00,000 रुपए तक का धंधा किया जाता था। धंधा कितना किया जाना है यह पीयूष चोपड़ा अपने साथियों को बताता था। इसके बाद बुकीज को धंधे में उतारते थे। एक मैच में करोड़ों रुपयों की हार-जीत की बाजी लगाई जाती थी।

# जी 7 समिट में पहुंचे मोदी, बैठक में हुए शामिल





**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 50वें जी7 समिट के लिए इटली में हैं। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को हाथ जोड़कर नमस्ते किया। इसके बाद मोदी वैटिकन सिटी के प्रमुख पोप फ्रांसिस से भी मिले। प्रधानमंत्री जी7 की आउटरीच बैठक में शामिल हुए। इससे पहले पीएम मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक से भी मिले। रूस-यूक्रेन जंग के बीच सबसे ज्यादा चर्चा मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की है। मुलाकात के दौरान दोनों नेता गले लगे। इसके बाद उनके बीच द्विपक्षीय बैठक हुई।

जंग शुरू होने के बाद यह दूसरा मौका है जब मोदी जेलेंस्की से मिले हैं। इससे पहले पिछले साल दोनों नेताओं ने जापान में जी7 समिट में मुलाकात की थी। पीएम मोदी लगातार 5वीं बार जी7 समिट में शामिल हुए हैं। वे देर रात 3:30 बजे इटली पहुंचे थे।

# भारतीय सेना को मिला पहला आत्मघाती ड्रोन, 30 किमी रेंज



**नई दिल्ली**

इंडियन आर्मी को भारत में बने आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र-1 की पहली खेप मिल गई है। इन ड्रोन्स को नागपुर की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज की इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव लिमिटेड यूनिट ने बनाया है। सेना ने 480 लॉइटरिंग म्यूनिशन (आत्मघाती ड्रोन) का ऑर्डर दिया था। इनमें से 120 की डिलीवरी कर दी गई है। ड्रोन को नागस्त्र-1 नाम दिया गया है, जिसकी रेंज 30 किमी तक है। इसका एडवांस वर्जन दो किलो से ज्यादा गोला-बारूद ले जाने में सक्षम है। इसका इस्तेमाल दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप, ठिकानों और लॉन्च पैड पर हमला करने के लिए किया जाएगा, ताकि सैनिकों का जोखिम कम से कम हो।

# अमेरिका में तिब्बत पर चीनी कब्जे के खिलाफ बिल पास

**नई दिल्ली**

अमेरिकी संसद में तिब्बत से जुड़ा एक बिल पास किया गया है। इस एक्ट के तहत अमेरिका दुनियाभर में चीन के तिब्बत को लेकर फैलाए गए झूठ का जवाब देगा। इसके अलावा वो चीन और दलाई लामा के बीच बिना शर्त समझौता कराने की कोशिश भी करेगा।

इस दौरान अमेरिकी अधिकारी चीन के तिब्बत को अपना हिस्सा बताने वाले दावों को भी खारिज करेंगे। राष्ट्रपति जो बाइडेन ₹7 समिट से लौटने के बाद इस बिल पर साइन करेंगे। 'रिजॉल्व तिब्बत एक्ट' बिल बुधवार (12 जून) को अमेरिकी संसद के दोनों सदनों (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और सीनेट) में पास हुआ था।

इसके बाद गुरुवार को तिब्बत के अधिकारी सिक्योंग पेनपा त्सेरिंग ने एक पोस्ट कर अमेरिकी सांसदों का शुर्िया कहा था। उन्होंने लिखा कि अमेरिकी संसद में पास हुए बिल का स्वागत करता हूं। यह तिब्बत के लोगों को 70 साल से अहिंसा के रास्ते पर चलने के लिए और मजबूत बनाएगा।

इस बिल के लागू होने के बाद 18 जून को अमेरिकी संसद की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी और रिपब्लिकन पार्टी के सांसद माइकल मैक्कॉल दलाई लामा से मिलने 2 दिन के दौरे पर धर्मशाला आएंगे। नैंसी पेलोसी वही अमेरिकी नेता हैं, जिनके ताइवान जाने का विरोध करते हुए चीन ने जंग की चेतावनी दी थी।

### बिल के लागू होने चीन को कड़ा संदेश जाएगा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बिल के लागू होने इसे चीन को कड़ा संदेश जाएगा कि दलाई लामा और तिब्बती प्रेसिडेंट पेंपा त्सेरिंग ही तिब्बत के लोगों के रिप्रेजेंटेटिव है। इससे दोनों के बीच बातचीत का रास्ता खुलेगा।

नैन्सी पेलोसी के दलाई लामा से मिलने से तिब्बत की आजादी के लिए लड़ रहे लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे पहले 2008 में पेलोसी ने धर्मशाला में दलाई लामा से मुलाकात की थी और तिब्बत पर चीन के कब्जे की निंदा की थी। वे लंबे समय से तिब्बत की आजादी का समर्थन करती आई हैं।

# कुवैत से 45 भारतीयों के शव कोच्चि पहुंचे

## केरल के मुख्यमंत्री विजयन ने एयरपोर्ट पर श्रद्धांजलि दी

**मंगाफ**

कुवैत के मंगाफ में बुधवार (12 जून) को लगी भीषण आग में मारे गए 45 भारतीयों के शव लेकर भारतीय वायुसेना का स्पेशल एयर'ाफ्ट शुक्रवार को भारत पहुंचा। यह केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर लैंड हुआ, क्योंकि मृतकों में सबसे ज्यादा 23 लोग केरल के हैं। इसके बाद एयरक्राफ्ट दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड हुआ।

जान गंवाने वाले अन्य 22 लोगों में तमिलनाडु के 7, आंध्र-उत्तर प्रदेश के 3-3 और बिहार, ओडिशा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा, पंजाब और पश्चिम बंगाल के 1-1 लोग हैं। एक मृतक किस राज्य का है, इसकी जानकारी अब तक नहीं मिली है। वहीं इस मामले कुवैत ने अब तक 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हादसे के बाद भारत के विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह कुवैत गए थे। उन्होंने 5 अस्पतालों का दौरा किया, जहां घायल भारतीयों का इलाज किया जा रहा है। कीर्तिवर्धन सिंह आज उसी एयरक्राफ्ट से वापस लौटे हैं, जिनसे शवों को लाया गया है।

# सिक्किम में लैंडस्लाइड से 6 की मौत, 2 हजार से ज्यादा लोग फंसे

**नई दिल्ली**

देश के उत्तरी राज्यों में हीटवेव और तेज गर्मी का दौर लगातार जारी है। दूसरी ओर नॉर्थ-ईस्ट में भारी बारिश देखने को मिल रही है। पिछले तीन दिन से जारी बारिश के चलते सिक्किम में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। जगह-जगह लैंडस्लाइड और बाढ़ में सैकड़ों घर और कई सड़कें बह गईं।

सबसे ज्यादा तबाही सिक्किम के मंगन जिले में हुई है। यहां गुरुवार (13 जून) को एक दिन में 220 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। इससे पिछले साल बना संगकालांग ब्रिज ढह गया, जिससे गुरुडोंगमार झील और युनथांग घाटी जैसे पर्यटन स्थलों के लिए मशहूर मंगन जिले के जोंगु, चुंगथांग, लाचेन और लाचुंग जैसे शहर देश के बाकी हिस्सों से कट गए हैं।



राहत-बचाव में जुटे डिजास्टर मैनेजमेंट के अधिकारियों ने बताया कि लाचुंग और चुंगथांग में करीब 2 हजार पर्यटक फंसे हैं। इन्हें अब हेलिकॉप्टर से ही रेस्क्यू किया जा सकता है, लेकिन खराब मौसम में हेलिकॉप्टर का उड़ पाना मुमकिन नहीं है। फिलहाल, पर्यटक जहां फंसे हैं, उन्हें वहीं रहने को कहा गया है।

सिक्किम में तीस्ता नदी भी उफान पर है, जिससे सिंगताम शहर के निचले इलाकों में रहने वाले लोग प्रभावित हो सकते हैं। पिछले साल उत्तरी सिक्किम में एक हिमनद झील के फटने से अचानक बाढ़ आई थी। इसमें 100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।



मौसम विभाग ने शुक्रवार (14 जून) को भी सिक्किम में बारिश की आशंका जताई है। मौसम विभाग ने बताया कि सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में बारिश हो सकती है।

# मंदिर में गोवंश का सिर फेंकने वालों के घर ढहाए, दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने भीड़ पर छोड़े आंसू गैस के गोले, लोगों ने थाना घेरा, बोले-आरोपियों का जुलूस निकालो

**रतलाम**

रतलाम के जावरा के जागनाथ मंदिर परिसर में गोवंश का कटा सिर मिला है। शुक्रवार तड़के पुजारी मंदिर पहुंचे तो सिर देखकर लोगों व पुलिस को सूचना दी। इस घटना से नाराज हिंदू संगठनों ने जावरा को शांतिपूर्ण ढंग से बंद कराया। इसके बाद फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया। वहीं शहर में एक जगह भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। लाठीचार्ज भी करना पड़ा।

घटना के बाद हिंदू संगठन और लोग जावरा थाने पहुंच गए। उन्होंने आरोपियों का जुलूस निकालने की मांग की। पुलिस और प्रशासन के अफसरों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। इस बीच रतलाम में गोवंश से भरा ट्रक पलट गया। इसमें 26 गोवंश में से 14 की मौत हो गई। हिंदू संगठनों को जब इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर ट्रक में आग लगा दी।



सलमान, आरोपी | साकिर, आरोपी

**दो आरोपी गिरफ्तार**

एसपी राकेश खाखा ने बताया कि दो संदिग्ध साकिर और सलमान को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ के बाद उनके घर ढहा दिए गए। पुलिस-प्रशासन की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची। आरोपियों के घर पर बुलडोजर चला तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। हालात को देखते भारी पुलिस बल तैनात किया है।



इधर, शहर काजी हाफिज भुरू भाईजान ने शांति बनाए रखने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक बातें न करने की अपील की है।

रतलाम में भूतेड़ा टोल पर शुक्रवार दोपहर 26 गोवंश से भरा ट्रक पलट गया। इसमें 14 गोवंश की मौत हो गई। जावरा में विरोध कर रहे हिंदू संगठन के लोगों को जब इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर ट्रक में आग लगा दी। जावरा की घटना के विरोध में भीड़ उग्र हो गई। लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। लाठी चार्ज भी करना पड़ा।

**रतलाम एसपी बोले- दो लोगों पर केस दर्ज**

रतलाम एसपी राकेश खाखा ने बताया कि 13 और 14 जून की दरमियानी रात में दो करीब 2.41 बजे दो शरारती तत्व बाइक से जाते हैं और मंदिर परिसर में गोवंश का टुकड़ा डालकर वापस लौट जाते हैं। इससे जनभावना को ठेस पहुंची हैं। इस मामले में धार्मिक भावनाओं का भड़काने का केस दर्ज कर लिया है। दो आरोपियों को राउंड अप किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अन्य कोई आरोपी भी इसमें संलिप्त होंगे तो उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

# शाह ने जम्मू कश्मीर की स्थिति की जानकारी ली, बुलाई बैठक

**नयी दिल्ली**

जम्मू कश्मीर में बढती आतंकवादी गतिविधियों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी शुक्रवार को यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में केन्द्र शासित प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की।

बैठक में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और सेना, पुलिस, जम्मू कश्मीर प्रशासन तथा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। श्री शाह ने जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की विस्तार से समीक्षा और अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए रविवार को यहां नार्थ ब्लॉक में एक बैठक बुलाने का निर्देश भी दिया।



इससे पहले श्री मोदी ने गुरूवार को श्री शाह और श्री डोभाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जम्मू कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की थी। सिन्हा ने भी प्रधानमंत्री को केन्द्र शासित प्रदेश की स्थिति के बारे में बताया था। इसके बाद श्री मोदी ने आतंकवाद रोधी कार्रवाई में सशस्त्र बलों की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने को कहा था।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां बढ गयी हैं और सुरक्षाकर्मियों तथा आतंकवादियों के बीच निरंतर मुठभेड़ हो रही हैं।

## पर्यटकों के निराश करनेवाली खबर, 16 जून से गिर अभयारण्य चार महीने के लिए रहेगा बंद

अहमदाबाद। सौराष्ट्र में एशियाटिक शेरों का बसेरा आगामी 16 जून से 15 अक्टूबर तक घरेलू और विदेशी पर्यटकों के लिए बंद रहेगा। जूनागढ़ के सासण में स्थि गिर अभयारण्य एशियाई शेरों का एक मात्र निवासस्थान है, जो देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करता है। हांलाकि साल में चार महीने के लिए गिर अभ्यारण्य पर्यटकों के लिए बंद कर दिया जाता है, क्योंकि इस दौरान कई जानवरों के प्रजनन का मौसम होता है। मानसून के चार महीने प्रजनन के लिए सबसे अच्छा मौसम माना जाता है। मानसून के दौरान वन क्षेत्र के अंदर सड़कों की स्थिति भी खराब हो जाती है और आगंतुकों के लिए ऐसी सड़कों पर यात्रा करना असुरक्षित हो जाता है। इसके अलावा वन विभाग सितंबर में गिर अभयारण्य के रखरखाव का काम भी करता है, क्योंकि यहां पर्यटकों का आगमन नवंबर से शुरू होकर मार्च के अंत तक जारी रहता है। जूनागढ़ के सीसीएफ के मुताबिक इस वर्ष कुल 8 लाख से अधिक पर्यटक गिर अभयारण्य आए। पिछले साल 1.95 लाख पर्यटक जंगल सफारी और 6.88 लाख सैलानियों ने देवडिया पार्क की सैर की थी।

## आतंकियों की तलाश में जारी हैं... सेना का सर्च अभियान

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में हाल के हमलों में शामिल आतंकियों का पता लगाने के लिए सेना ने विभिन्न जिलों, खासकर डोडा और रियासी में व्यापक तलाशी अभियान गुरुवार को भी जारी है। पिछले चार दिनों में आतंकवादियों ने रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार जगहों पर हमले किए, जिसमें नौ तीर्थयात्रियों और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हुई और सात सुरक्षाकर्मी सहित कई अन्य घायल हो गए। सेना अधिकारियों के अनुसार, सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने सुबह डोडा जिले में गंडोह के कोटा टॉप, चट्टागल्ला और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान फिर से शुरू किया, जहां आतंकवादियों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मियों सहित सात सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। पुलिस ने दो हमलों में शामिल चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए थे और उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। अधिकारियों ने बताया कि रियासी और राजौरी जिले में तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि राजौरी के नौशेरा और पुंछ में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। आतंकी खतरे के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद कठुआ, सांबा और जम्मू जिलों में भी सुरक्षा बलों को अलर्ट पर रखा गया है। राजौरी और जम्मू जिलों के कुछ हिस्सों में आतंकी खतरे की आशंका जताने वाली खुफिया सूचनाओं के बाद यह परामर्श जारी किया गया।

## नवनिर्वाचित सांसद और क्रिकेटर युसूफ पठान पर सरकारी जमीन पर गैरकानूनी कब्जे का आरोप

वडोदरा। पश्चिम बंगाल की बरहामपुर से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नवनिर्वाचित सांसद युसूफ पठान पर वडोदरा महानगर पालिका (वीएमसी) की जमीन पर गैरकानून रूप से कब्जा करने का आरोप लगा है। वीएमसी की सामान्य सभा ने जमीन को लेकर जो दरखास्त मंजूर की थी, उसे गुजरात सरकार ने खारिज कर दी। इसके बावजूद युसूफ पठान ने जमीन पर दीवार बनाकर उस पर कब्जा किया होना के आरोप है। दरअसल युसूफ पठान वर्ष 2012 में वडोदरा के तांदलजा क्षेत्र में अपने निवास के बगल स्थित वीएमसी के भूखंड खरीदना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने वडोदरा महानगर पालिका से 978 वर्ग मीटर जमीन खरीदने की पेशकश की थी। वीएमसी की सामान्य सभा में युसूफ पठान को 978 वर्ग मीटर भूखंड आवंटित करने की सर्व सहमति से दरखास्त भी मंजूर कर दी गई थी। लेकिन राज्य सरकार ने वीएमसी के युसूफ पठान को भूखंड देने की दरखास्त को खारिज कर दी थी। युसूफ पठान अब पश्चिम बंगाल से सांसद बन गए हैं। युसूफ पठान पर आरोप है कि उन्होंने अपने निवास के बगल स्थित भूखंड पर गैरकानूनी रूप से दीवार बनाकर कब्जा कर लिया है।

## कानपुर मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल से गिरकर लेडी डॉक्टर की मौत

कानपुर। कानपुर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस पासआउट एक छात्रा की देर रात संदिग्ध अवस्था में चौथी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। इस हादसे से पहले मृतका अपने दो दोस्तों के साथ पार्टी करने गई थी। वहीं मृतका के परिजन चौथी मंजिल से घसीटकर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। दीक्षा तिवारी ने कानपुर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया था। वह 2018-2022 बैच की छात्रा थी। जिन दोस्तों के साथ पार्टी की थी, वे उसके बैचमेट ही थे। मृतका मेरठ में पोस्टिंग भी पा चुकी थी। वह अपने दो दोस्तों हिमांशु और मयंक के साथ किसी रेस्टोरेंट में पार्टी करके मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर पहुंच गई। उसके बाद संदिग्ध अवस्था में गिरकर उसकी मौत हो गई। मृतक डॉक्टर के पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को घसीटकर छत से नीचे फेंका गया है। वहीं मामले में पुलिस ने बताया कि महिला डॉक्टर पार्टी करके चौथी मंजिल पर गई थी। उसके साथ दो दोस्त थे। उसके बाद वह अचानक ऊपर से गिर गई। वहां उसकी मौत हो गई है। मामले में उसके दोनों दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं कॉलेज प्रशासन का कहना है कि दीक्षा हमारे मेडिकल कॉलेज की छात्रा नहीं थी। वह 2018 बैच की थी। 2023 में एमबीबीएस पूरा होने के बाद उन्होंने हमारे यहां इंटर्नशिप की, जोकि 2024 में पूरी हो चुकी है। आखिर वह रात में डेढ़ बजे अपने दोस्तों के साथ कॉलेज परिसर में क्या कर रही थी, इसकी पुलिस जांच कर रही है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन भी घटना को फिलहाल हादसा मानकर चल रहा है।

## जब आइसक्रीम के कोन में मिली टूटी हुई उंगली

मुंबई। आप में से कई लोग ऑनलाइन फूड डिलीवरी एप्लिकेशन के जरिए खाना ऑर्डर करते हैं। हममें से कई लोग ऐसे हैं जो घर बैठे होटल और रेस्तरां से खाना ऑर्डर करने का आनंद लेते हैं। लेकिन मुंबई के मलाड के डॉक्टर को खाना



ऑर्डर करना बहुत महंगा पड़ गया. इस तरह की घटना को समझने के बाद आप भी अक्सर ऑनलाइन खाना ऑर्डर करते समय सोचेंगे। हुआ यूं कि मलाड में रहने वाले 27 साल के डॉक्टर ऑर्लेम ब्रेडन सेराओ ने बुधवार को एक फूड डिलीवरी ऐप से आइसक्रीम का ऑर्डर दिया। ऑर्लेम द्वारा ऑर्डर किया गया आइसक्रीम का कोन प्राप्त करने के बाद, उन्होंने ढक्कन खोला और उसे खाना शुरू किया। लेकिन कुछ ही देर में उन्हें आइसक्रीम के कोने में एक टूटी हुई उंगली मिली. यह उंगली दो सेंटीमीटर लंबी थी. पुलिस के मुताबिक, आइसक्रीम कोन तब ऑर्डर किया गया था जब उस डॉक्टर की बहन ने घर का सामान ऑनलाइन ऑर्डर किया था। अब इस मामले पर मलाड पुलिस ने संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी है. पुलिस यह पता लगा रही है कि वह व्यक्ति कौन था जो यह आइसक्रीम लाया था? डॉक्टर ने आइसक्रीम कहाँ से खरीदी? जिस दुकान से यह आइसक्रीम आई, वह किस डीलर से आई? इस डीलर को यह आइसक्रीम कहां से मिलती है? ऐसे सवालों की जांच अब पुलिस को करनी है. वही डिलीवरी करने वाले ने तो कहीं कुछ फेरफार तो नहीं किया? इस नजरिये से भी जांच किये जाने की संभावना है. पुलिस उन फैक्ट्रियों में जाकर जांच करेगी जहां ये आइसक्रीम कोन बनते हैं. पुलिस का अनुमान है कि अगर आइसक्रीम बनाने वाली जगह पर जाकर पूछताछ की जाए तो पता लगाया जा सकता है कि उंगली किसकी है. बहरहाल पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है. पुलिस ने उंगली को फोरेंसिक जांच के लिए लैब में भेज दिया है और रिपोर्ट जल्द ही पुलिस को सौंपी जाएगी। लेकिन इससे ऑनलाइन के जरिए खाना और सामान ऑर्डर करने को लेकर संदेह पैदा हो गया है. इस प्रकार, ऑनलाइन चीजें ऑर्डर करना कितना सुरक्षित है यह मुद्दा फिर से खबरों में है।

# बंगाल, सिक्किम, असम समेत 12 राज्यों में हो सकती है भारी बारिश

### -उत्तर भारत के कई राज्यों में गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में बताया है असम और बंगाल समेत देश के कई राज्यों में भारी बारिश हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ रहा है जिससे पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम समेत 12 राज्यों में भारी बारिश हो सकती है। वहीं उत्तर भारत के कई राज्यों में गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। आईएमडी ने यूपी, बिहार और झारखंड में रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान में लू चलने की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार 13 से 17 जून के बीच यूपी के कुछ हिस्सों में



लू और हीटवेव चलने की संभावना है। अगले पांच दिनों में उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली के कुछ इलाकों के साथ ही उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश, उत्तर-पश्चिम राजस्थान, उत्तर-पूर्वी राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और ओडिशा में लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों में मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़ में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेंगी और हल्की बारिश भी हो सकती है। एक जून को बारिश का सीजन शुरू होने के बाद से भारत में सामान्य से एक फीसदी कम बारिश हुई है। अगले पांच दिनों में केरल, कर्नाटक मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और तेलंगाना में गरज, बिजली कड़कने तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। 13 से 16 जून के बीच नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अधिकारी ने बताया कि बिहार, पंजाब, यूपी, हरियाणा, उत्तराखंड और ओडिशा जैसे उत्तरी और पूर्वी राज्यों में चार-पांच दिनों तक लू चलने की संभावना है। पश्चिमी क्षेत्रों में समय से पहले मानसून के पहुंचने के बाद उसकी गति धीमी हो गई है। मुंबई में मानसून तय समय से लगभग दो दिन पहले आ गया, लेकिन मध्य और उत्तरी राज्यों में इसके आने में देरी हो सकती है। उत्तरी राज्यों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और 46 डिग्री सेल्सियस के बीच है। जो सामान्य से करीब तीन डिग्री सेल्सियस से पांच डिग्री सेल्सियस ज्यादा है।

## दिल्ली में करारी हार के बाद... बिहार चले केजरीवाल, विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सातों सीटें हराने के बाद आम आदमी पार्टी अपने दल के विस्तार की तैयारी में जुटी हुई है। पंजाब में सरकार बनाने के बाद आप की नजर बिहार पर है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ने का मन बना चुकी है। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने स्पष्ट किया कि बिहार में हमारी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में उतरने की तैयारी कर रही है। आप के कार्यकर्ता चुनावी तैयारी शुरू कर दे। इससे केजरीवाल के गुड गवर्नेंस का लाभ बिहार की जनता को भी मिल सके। आप नेता सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी बिहार में चुनाव लड़ेगी यह तय है। लेकिन, कितने सीटों पर लड़ेगी? यह हम लोग बाद में तय करके बताएंगे। मोदी सरकार 3.0 के गठन पर प्रतिक्रिया देकर आप सांसद सिंह ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई सरकार एक साल में गिर जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एनडीए के घटक दलों की उम्मीदों को पूरा करने में विफल रहने की संभावना है। मोदी ने 72 सदस्यीय केंद्रीय मंत्रिपरिषद का नेतृत्व करते हुए रिकॉर्ड तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने कहा कि मैं टीडीपी और जेडीयू से कहना चाहता हूं कि आप अपना स्पीकर बनाएं, नहीं इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि आपकी पार्टी के कितने सांसद टूटकर उनके साथ आ जाएंगे।

# चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में शामिल नहीं हुए बिहार के सीएम, राजनीति गरमाई

### -आरजेडी ने कहा- जब नीतीश के मन का काम नहीं होता तो वह मौन धारण कर लेते हैं

**पटना (एजेंसी)।** केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) के नेता एन चंद्रबाबू आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रहे थे। इस समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, एलजेपीआर के प्रमुख चिराग पासवान, अपना दल की नेता अनुप्रिया पटेल, आरपीआई नेता रामदास आठवले जैसे एनडीए के कई दिग्गज नेता शपथ ग्रहण में शामिल होने मंच पर मौजूद थे, लेकिन खास बात यह है कि इस कार्यक्रम में बिहार के सीएम नीतीश कुमार कहीं दिखाई नहीं दिए। इस बात को लेकर बिहार की सियासत तेज हो गई चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया कि एनडीए के अंदर ठीक नहीं है। यह बात बड़ी तेजी



से फैलने लगी कि नीतीश कुमार एनडीए मंत्रिपरिषद में जेडीयू की हिस्सेदारी और भागीदारी से खुश नहीं हैं। इस पर आरजेडी ने अपनी प्रतिक्रिया दी।

आरजेडी प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि जब नीतीश कुमार के मन मुताबिक काम नहीं होता है तो वह मौन धारण कर लेते हैं। इससे वह संकेत देते हैं कि वह खुश नहीं हैं। अहमद ने कहा कि बीजेपी को तो बहुमत नहीं मिला है और एनडीए के साथ मिलकर सरकार बनाई है। इसके बाद मंत्रालयों का जिस तरह से बंटवारा हुआ है। अभी लोकसभा अध्यक्ष बनाने की भी बात होनी है। इससे आगे भी की कई चीजे होना हैं, ऐसे में एनडीए के एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम से नीतीश कुमार की दूरी बनाना सियासी संकेत दे रहा है।

इसके बाद चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण से नीतीश कुमार की गैर मौजूदगी पर जदयू की भी प्रतिक्रिया आई। बिहार के मंत्री और जेडीयू नेता जमा खान ने कहा कि इस बात को तूल क्यों दिया जा रहा है। नीतीश के नहीं जाने के कई कारण हो सकते हैं। उनकी तबीयत भी खराब हो सकती है। बीजेपी के प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में एनडीए के बहुत सारे घटक दल के नेता नहीं पहुंचे। ऐसे में यह कोई विषय ही नहीं है। हमारे एनडीए के नेता और देश के पीएम नरेंद्र मोदी वहां विराजमान थे। इसके बाद अब कोई किंतु-परंतु रह नहीं जाता है।

बता दें कि नीतीश कुमार की गैर हाजिरी या फिर मौन साध लेना कई संकेत करता हैं। बिहार के सीएम नीतीश जब चंद्रबाबू नायडू की शपथ ग्रहण में नहीं पहुंचे तो कई तरह की चर्चाएं होने लगीं। दोनों नेता एनडीए की सरकार में किंगमेकर के रोल में है। इनमें से एक की गैर हाजिरी सवाल खड़े कर रही थी, लेकिन देर शाम नीतीश कुमार के कार्यालय की ओर से जानकारी आई कि उन्होंने आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू से फोन पर बात की है।

नीतीश ने नायडू को आंध्र प्रदेश का सीएम बनने पर बधाई दी है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि उनके नेतृत्व में आंध्र प्रदेश तरक्की करने के आयाम छुएगा।

## अग्निपथ योजना की खामियों को खंगालेगा पैनल, पीएम के समक्ष रखा जाएगा पूरा रिव्यू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अग्निवीरों का चयन करने वाली योजना अग्निपथ का रिव्यू होने जा रहा है। अधिकारियों का एक पैनल इसके नफा नुकसान का आकलन करेगा। इसके बाद पूरी रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखी जाएगी। तभी इस योजना को लेकर निर्णय होंगे। बता दें इससे पहले लोकसभा चुनाव में अग्निपथ को मुद्दा बनाया गया और विपक्षी गठबंधन ने भरोसा दिलाया था कि उनकी सरकार आने पर इस योजना को बंद कर देंगे। कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया था कि अगर उनकी गठबंधन की सरकार आई तो वे अग्निपथ योजना को समाप्त कर देंगे। इस योजना का गुस्सा ज्यादातर लोगों में देखने को मिला और इसका नुकसान इस बार के आम चुनाव में भी देखने को मिला। लेकिन अब जहां भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना को लेकर प्रावधानों में बदलाव की इच्छा जताई है तो वहीं केंद्र सरकार भी इस नियम में बदलाव को तैयार है। बता दें कि अग्निपथ योजना के तहत चुने गए कैंडिडेट्स को अग्निवीर कहा जाता है।

अग्निपथ योजना में सुधार करने के लिए सचिवों का बनाया गया रिव्यू पैनल 16 जून तक अपने सुझावों की पूरी तरह से तैयार कर लेगा और पीएम मोदी को फाइनल प्रेजेंटेशन सौंपेगा। फाइनल प्रेजेंटेशन की तारीख 17 या 18 जून हो सकती है। फाइनल प्रेजेंटेशन के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय इसमें सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। बता दें कि अभी पीएम मोदी जी-7 समिट के लिए इटली जा रहे हैं। जी-7 समित 13 से 15 जून तक होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय सेना अग्निवीरों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना में बदलावों पर चर्चा कर रही है। इस चर्चा में अग्निवीरों के ट्रेनिंग पीरियड को बढ़ाना और साथ ही साथ ट्रेनिंग पूरी हो जाने के बाद मौजूदा 25 प्रतिशत अग्निवीरों को ही आगे मौका देने के नियमों में बदलाव करना शामिल है। सेना चाहती है कि अग्निवीरों की ट्रेनिंग के बाद भी अग्निवीरों की संख्या 60-70 प्रतिशत तक बरकरार रखी जाए। मौजूदा नियमों के मुताबिक, ट्रेनिंग पूरी होने के बाद अग्निवीरों का केवल 25 प्रतिशत हिस्सा ही रखा जाएगा।

## बांग्लादेशी सांसद की हत्या करने में महिला ने की थी मदद

### -आरोपी हुसैन ने पूछताछ में किया खुलासा

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता में बांग्लादेशी सांसद अनवारुल अजीम अनार की मौत के मामले में पश्चिम बंगाल सीआईडी के एक अधिकारी ने दावा किया कि न्यू टाउन के एक फ्लैट में घुसते ही अनवारुल का मुंह कथित तौर पर तकिए से दबा दिया गया था। अधिकारी ने बताया कि नेपाल में गिरफ्तार किए गए आरोपी मोहम्मद सियाम हुसैन ने पूछताछ में बताया कि बांग्लादेशी राजनेता का गला घोंटने में एक महिला ने मदद की थी। महिला को अमेरिकी नागरिक और मामले के कथित मुख्य आरोपी अख्तरुज्जमां की प्रेमिका बताया गया था। बांग्लादेशी सांसद की हत्या करने के बाद आरोपियों ने उनके शरीर के छोटे-छोटे टुकड़ों किए, उन्हें प्लास्टिक की थैलियों में भरकर फिर अलग-अलग स्थानों पर बागजोला नहर के कई हिस्सों में फेंक दिए और वहां से फरार हो गए। उन्होंने यह भी दावा किया है कि शरीर के कुछ हिस्सों को ट्रॉली सूटकेस में रखकर बनगांव सीमा के पास फेंक दिया। इस बीच, अधिकारियों ने शव के अंगों की तलाश शुरु कर दी है। यह घटना तब सामने आई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर निवासी और बांग्लादेशी राजनेता के परिचित गोपाल बिस्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस में सांसद अनार के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा कि सांसद 12 मई को कोलकाता आए थे। अपनी शिकायत में बिस्वास ने बताया कि अनार 13 मई की दोपहर को डॉक्टर की नियुक्ति के लिए अपने बारानगर घर से निकला था और उसे रात के खाने के लिए घर वापस आने की उम्मीद थी। कोलकाता पहुंचने पर सांसद अनार, बिस्वास के घर पर ठहरे थे। नौ जून को राज्य सीआईडी ने दक्षिण 24 परगना जिले में एक नहर के पास मानव हड्डियों के कुछ हिस्से बरामद किए थे। उन्होंने गिरफ्तार किए गए सियाम से पूछताछ की, जिसे नेपाल पुलिस ने गिरफ्तार कर भारत प्रत्यर्पित कर दिया।

## नीट विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री का आया बयान ... पेपर लीक का कोई सबूत नहीं

### - एनटीए में भ्रष्टाचार के आरोप निराधार हैं, एक विश्वसनीय संस्था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में पेपर लीक के आरोपों को सिरे खारिज कर कहा कि इसका कोई सबूत नहीं है। केंद्रीय मंत्री प्रधान ने कहा, नीट-यूजी में पेपर लीक का कोई सबूत नहीं है। एनटीए में भ्रष्टाचार के आरोप निराधार हैं, यह एक बहुत ही विश्वसनीय संस्था है।

दरअसल, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 2024 की नीट यूजी में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 उम्मीदवारों के स्कोर-कार्ड रद्द कर दिए जाएंगे और उम्मीदवारों को फिर से परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा। एनटीए ने जस्टिस विक्रम नाथ और



संदीप मेहता की पीठ को बताया कि 1,563 से अधिक उम्मीदवारों के परिणामों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की गई है, जिन्हें नीट-यूजी में शामिल होने के दौरान हुए समय के नुकसान की भरपाई के लिए ग्रेस मार्क्स दिए गए थे। वहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा, हर परीक्षा सेंटर पर पेपर के दो सेट होते हैं और परीक्षा शुरू होने से थोड़ी देर पहले ही बताया जाता है कि कौन-सा पेपर खोला जाना है। लेकिन 6 एग्जाम पर दूसरा सेट खोल दिया गया, इसकारण पेपर में 30-40 मिनट समय की बर्बादी हुई। उन्होंने कहा सुप्रीम कोर्ट मामले की सुनवाई कर रहा है और हम उसके फैसले का पालन करने को तैयार है। केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी छात्र को नुकसान न हो।

अब सवाल यह उठता है कि अगर नीट का पेपर लीक नहीं हुआ है, तब पेपर लीक को लेकर गिरफ्तारियां क्यों हुई थीं। क्योंकि बहुत से कैंडिडेट्स हैं, जिन्होंने दावा किया है की नीट का पेपर लीक हुआ था। नीट परीक्षा से पहले ही सोशल मीडिया और टेलीग्राम पर पेपर वायरल हो रहा था। मगर पहले एनटीए और अब केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पेपर लीक की बात को सिरे से नकार दिया है। इस पर एनटीए ने कहा कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ, एक एग्जाम सेंटर पर हिंदी के बजाय इंग्लिश का पेपर बंट गया था। एनटीए का यह नोटिफिकेशन देखकर कैंडिडेट्स का माथा और घूम गया। उनका कहना है कि अगर नीट का पेपर लीक नहीं हुआ, तब पटना और नालंदा में पुलिस ने गिरफ्तारियों क्यों कीं।

# अब बीजेपी अध्यक्ष कौन होगा? चर्चा का बाजार गर्म

### -नए अध्यक्ष के लिए यह दायित्व चुनौतीपूर्ण होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद अब लोगों में एक चर्चा शुरु होगी है कि बीजेपी का अगला अध्यक्ष कौन बनेगा? अभी वर्तमान जेपी नड्डा बीजेपी के अध्यक्ष हैं और उनका कार्यकाल पिछले साल ही पूरा हो गया था। इसे लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बढ़ाया दिया गया था। पीएम मोदी ने उन्हें अपने नए मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ दिलाकर साफ कर दिया कि बीजेपी को नए अध्यक्ष की तलाश शुरू कर देनी चाहिए। बीजेपी का नया अध्यक्ष वह व्यक्ति बनेगा जो कार्यकर्ता, संगठन और सरकार में बेहतर तालमेल बना सके। बीजेपी के नए अध्यक्ष के लिए यह दायित्व कितना चुनौतीपूर्ण रहने वाला है।

पहले राजनाथ सिंह और फिर बाद में अमित शाह के नेतृत्व में बीजेपी ने ना केवल अपने बूते बहुमत प्राप्त किया था बल्कि पीएम नरेन्द्र मोदी में यह आत्मविश्वास भरा था कि उनके हर निर्णय में पार्टी का कार्यकर्ता उनके साथ है। एक के बाद एक मिल रही विजय इसका प्रमाण थी। इस बार बीजेपी पसबसे बड़े दल के रूप में उभरी जरूर है लेकिन, वह बहुमत हासिल नहीं कर सकी। 2019 के मुकाबले उसे 63 सीटों का नुकसान उठाना पड़ा है।

बीजेपी नए अध्यक्ष के सामने सबसे पहली चुनौती तो कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने की ही होगी। इसके अलावा विभिन्न दलों को छोड़कर बीजेपी में आए नेताओं के संभावित अतिक्रमण से बचते हुए पार्टी के मूल कार्यकर्ताओं को यह विश्वास भी दिलाना होगा कि पार्टी में उनके स्थान और पूछ परख में कोई असर नहीं पड़ेगा। जब तक पार्टी के कार्यकर्ताओं में आत्मबल की वापसी नहीं होती, तब तक किसी चमत्कारिक परिणाम की आशा करना व्यर्थ ही होगा।

बीजेपी के नए अध्यक्ष को यह काम तीन राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले ही करना होगा क्योंकि अगले कुछ महिनों में महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखण्ड में विधानसभा चुनाव होने हैं। हरियाणा और महाराष्ट्र में बीजेपी की सरकार में है, जबकि झारखंड में झामुमो की सरकार है। लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र और हरियाणा के नतीजे बीजेपी के लिए चुनौतीपूर्ण है। विधानसभा चुनावों में आने वाले परिणामों का प्रभाव ना केवल बीजेपी समर्थकों और कार्यकर्ताओं अपितु केन्द्र में मोदी सरकार के मनोबल पर भी पड़ेगा।

इसके साथ मुस्लिम मतदाताओं के प्रति पार्टी की नीति भी एक बड़ी चुनौती है। 18वीं लोकसभा के चुनाव परिणामों ने यह सिद्ध कर दिया है कि केन्द्र सरकार की सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को मुस्लिम मतदाताओं ने नकार दिया है। इसके अलावा केन्द्र सरकार और पीएम मोदी के पसमांदा मुसलमानों को प्राथमिकता देना भी बीजेपी के समर्थक वर्ग को पसंद नहीं आया। तो बीजेपी को अपने नए अध्यक्ष के कार्यकाल में इस पहेली को भी हल करना ही होगा।

बीजेपी के लिए सबसे बड़ी चुनौती उसके वैचारिक मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ संबंधों को लेकर है। राजनीतिक समीक्षक का कहना हैं कि जिस तरह बीजेपी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि अब बीजेपी को संघ की जरूरत नहीं, उसका असर कार्यकर्ताओं पर पड़ा। इससे कई कार्यकर्ता जो संघ के स्वयंसेवक भी हैं वो




निराश हो गए। यह परिस्थिति भी चिंतित करने वाली है। यह बात अलग है कि पीएम मोदी भी स्वयंसेवक व प्रचारक रहे हैं। नड्डा भी संघ के आनुशांगिक संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से काम करते करते यहां तक पहुंचे हैं। इसलिए बीजेपी को एक ऐसे व्यक्ति अध्यक्ष बनाना होगा जो इन चुनौतियों से निपटते के लिए अन्य राजनीतिक दलों को हाशिए पर ढ़केल सके।




# गोगुन्दा में जिला कलक्टर की रात्रि चौपाल

## तसल्ली से सुनी आमजन की समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

उदयपुर, 14 जून। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने शुक्रवार रात जिले के गोगुन्दा पंचायत समिति सभागार में रात्रि चौपाल कर आमजन की समस्याएं सुनी। कई समस्याओं को हाथों हाथ निस्तारण किया गया। वहीं शेष के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर श्री पोसवाल शुक्रवार शाम गोगुन्दा पहुंचे। यहां उन्होंने विधायक प्रतापलाल गमेती से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। इसके पश्चात पंचायत समिति सभागार में रात्रि चौपाल हुई। जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में आमजन ने खुल कर अपनी समस्याएं रखी। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत हुए पाइप लाइन कार्य के पश्चात सड़कों की मरम्मत नहीं होने से आ रही समस्या से अवगत कराया। इस पर जिला कलक्टर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जवाब-तलब करते हुए जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आमजन से भी जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों का फीडबैक लिया। जलापूर्ति की स्थिति के बारे में आमजन से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनी।

विधायक गमेती ने गोगुन्दा अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध होने लेकिन सोनोलॉजिस्ट नहीं होने से क्षेत्रवासियों का लाभ नहीं मिलना बताया। इस पर कलक्टर ने सीएमएचओ डॉ शंकर बामणिया को यथासंभव व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने अस्पताल में पर्याप्त सुविधाएं और स्टाफ नहीं होने तथा निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर होने की भी समस्या बताई। ग्रामीणों ने सिलिकोसिस जांच के लिए भी जिला मुख्यालय तक जाने की मजबूरी से अवगत कराया। इस पर जिला कलक्टर ने सीएमएचओ से संपूर्ण पंचायत समिति क्षेत्र के राजकीय चिकित्सालयों की जानकारी लेते हुए अविलम्ब व्यवस्थाएं सुधारने के लिए पाबंद किया। जिला कलक्टर ने क्षेत्र में मलेरिया के केसज बढ़ने पर चिन्ता जताते हुए आमजन से साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की। चिकित्सा विभाग को एंटी लार्वा गतिविधियां तथा स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर श्री पोसवाल ने आगामी वर्षा ऋतु में प्रस्तावित पौधरोपण अभियान की तैयारियों का फीडबैक लेते हुए शिक्षा विभाग को प्रत्येक विद्यालय में पौधरोपण कराने के निर्देश दिए।




रात्रि चौपाल में गोगुन्दा उपखण्ड अधिकारी नरेश सोनी, तहसीलदार ओमसिंह लखावत, विकास अधिकारी देवेंद्र कंचन सहित कई विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

**अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभः कलक्टर**

रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के प्रति पूर्ण संवेदनशील है। ग्राम स्तर तक बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने को लेकर स्वयं मुख्यमंत्री निरंतर मोनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने आमजन को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए उनसे लाभान्वित होने का आह्वान किया। साथ ही सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ काम करते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने की हिदायत दी।








# महेश नवमी महोत्सव : श्रद्धा,आस्था और भक्ति का उमडेगा ज्वार

## महेश नवमी महोत्सव आज : महाभिषेक, पूजन, शोभायात्रा और महाप्रसादी का आयोजन

▪ स्मार्ट हलचल

### महेश नवमी की पूर्व संध्या पर रक्तदान शिविर व जीवन के रंग— संस्कार के संग का आयोजन

**कोटा।** श्री माहेश्वरी समाज कोटा द्वारा हर्षोल्लास से 7 दिवसीय महेश नवमी उत्सव आयोजित किया जा रहा है। मुख्य समन्वयक महेश चंद अजमेरा ने बताया कि शनिवार को महेश नवमी महोत्सव पर प्रात 7.15 बजे महादेव अभिषेक और सांय 5.15 से भव्य शोभायात्रा का आयोजन ग्लोबल पब्लिक स्कूल से श्री माहेश्वरी पब्लिक स्कूल तक किया जाएगा। इसके उपरांत महाप्रसादी एवं सम्मान समारोह सांय 8.15 पर माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में किया जाएगा। किया जाएगा।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

महेश नवमी की पूर्व संध्या पर माहेश्वरी समाज द्वारा रक्तदान में शिविर का आयोजन किया गया। माहेश्वरी समाज के लोगों ने बढचढ कर हिस्सा लिया। विश्व रक्तदान दिवस होने पर रक्तदाताओं को उत्साह दुगना दिखा।अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा (पश्चिमांचल) के उपसभापति राजेश कृष्ण बिरला ने रक्तदाताओं का हौसला बढाया। संयोजक मनोज राठी,डा.शैलेन्द्र बिरला,रजनीश मोहता ने बताया कि रक्तदान शिविर में 131 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। बिरला ने कहा कि हमें रक्तदान के महत्व का समझना चाहिए रक्तदान महादान होता है आपका एक बार रक्तदान लोगो की जिंदगी बचाने के लिए मददगार है। इस अवसर पर उपभोक्ता होलसेल भंडार अध्यक्ष हरि कृष्ण बिरला,समाज के मंत्री बिट्ठलदास मूंदड़ा,पूर्वी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष महेश चंद अजमेरा, सहमंत्री धनश्याम मूंदडा,उपाध्यक्ष नंद किशोर काल्या,कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शारदा,पूर्व रा.अ.माहेश्वरी महिला मण्डल आशा माहेश्वरी, भगवान बिरला,जिला अध्यक्ष सुरेश चन्द्र काबरा,ओम गट्टानी,कृष्ण गोपाल जाखेटिया,प्रमोद कुमार भण्डारी,डा.शैलेन्द्र बिरला, रामचरण धूत,राहुल बिरला, बृज गोपाल भराडिया, दामोदर मूंदड़ा, अनिल डागा,सहित कई समाज बंधु उपस्थित थे। समन्वयक संयज सोनी एवं मीनाक्षी शारदा ने बताया कि कृष्ण रोटरी ब्लड बैंक एवं श्री जी ब्लड बैंक की ओर रक्तदान शिविर में रक्त एकत्रित किया गया। डा. शैलेन्द्र बिरला के जन्मदिन की शुभकामनाएं भी माहेश्वर समाज के लोगो ने दी उन्हे फूल व मालाओ से स्वागत किया गया।

### 201 शिवलिंग का महाभिषेक

राजेश कृष्ण बिरला ने बताया कि महेश नवमी के अवसर पर भगवान शिव का महाभिषेक विशेष आकर्षक का केन्द्र होता है।इस अवसर पर माहेश्वरी बंधु सापत्निक 201 शिवलिंग का महाशिवाभिषेक झालावाड़ रोड स्थित माहेश्वरी भवन पर 15 जून को विधि विधान से प्रातः 8.15 बजे करेगे। समन्वयक राजेश माहेश्वरी व सिद्धेश्वर झंवर ने बताया कि महाभिषेक कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक राजेश कृष्ण बिरला,हरिकृष्ण बिरला,रामकृष्ण बिरला व दयाकृष्ण बिरला सहित समस्त बिरला परिवार होगा।




महाभिषेक विद्वान पंडितों द्वारा विधि विधान से सम्पन्न होगा। माहेश्वरी बंधुओ ने एकजुट होकर मंगल पाठ,शुद्धीकरण,स्वास्तिक पूजन,संकल्प,गणपति,देव व नवग्रह पूजन से महाभिषेक प्रारंभ करेंगे। इसी के साथ शहर के विभिन्न मंदिरों में महाभिषेक किया जाएगा। श्री चारभुजा मंदिर, सती चबूतरा पाटनपोल,नीलकंठ महादेव मंदर टिपटा,गोविंद देव जी मंदिर गढ पैलेस पर पूजन व अभिषेक होगा। सभी ने शिवलिंग में प्राण—प्रतिष्ठा कर रुद्राभिषेक व उत्तर पूजन पूर्ण किया।इसके उपरांत एक साथ महाआरती कर पूरे परिसर को भक्तिमय माहौल में भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

### शोभायात्रा में श्रद्धा का ज्वार

माहेश्वरी पंचायत अध्यक्ष के जी जाखेटिया एवं माहेश्वरी सेवा संस्थान अध्यक्ष प्रमोद कुमार भण्डारी ने बताया कि महेश नवमी



आयोजन भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा का आयोजन महेश नवमी को सांय 5.15 बजे श्री माहेश्वरी समाज द्वारा ग्लोबल पब्लिक स्कूल इंदिरा विहार से प्रारंभ किया जायेगा। समन्वयक कृष्ण गोपाल जाखेटिया व प्रमोद कुमार भंडारी ने बताया कि शोभायात्रा में हाथी,घुड़सवार,वाहन व पैदल समाजबंधु से माहेश्वरी पब्लिक स्कूल श्रीनाथपुरम कोटा तक आयोजित कि जाएगी। शोभायात्रा में महेश भगवान की झांकी आर्कषण का केन्द्र रहेगी।जिसके साथ अन्य भगवानो की भी झांकी साथ चलेगी। शोभायात्रा में माहेश्वरी समाज के लोगों सहित अन्य समाज के लोगों द्वारा स्वागत एवं अल्पाहार व जलपान करवाया जाएगा। शोभायात्रा मार्ग में 31 स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। श्रीनाथपुरम स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल पहुंचकर शोभायात्रा सभा का रूप लेगी जहां सम्मान समारोह व महाप्रसादी का आयोजन होगा। शोभायात्रा कार्यक्रम के संयोजक एलन मानधना परिवार एवं ओम,प्रमोद,नवल माहेश्वरी सहित समस्त करियर पॉईंट व खुवाल परिवार रहेगा।

### डिस्पोजल फ्री महाप्रसाद

समन्वयक हरिकृष्ण बिरला व अनिल डागा ने बताया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी महाप्रसादी का आयोजन



डिस्पोजल फ्री किया गया।15 जून सांय 8.15 बजे हजारों की संख्या में माहेश्वरी बंधु महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज चिंतित रहता है। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए यह प्रयास किया गया है। इस अवसर प्लास्टिक डिस्पोजल फ्री कार्यक्रम रहेगा। उन्होने कहा कि इस महाप्रसादी में कोई वेटर भी नहीं था समाज के लोगो को समाज के लोगो ने ही भोजन करवाया। इसके लिए माहेश्वरी ''पहले करे परोसगारी,फिर ले अपनी बारी''का पालन करते हुए महेश कुम्भ में परोसगारी की। नारायण स्वरूप—कमला देवी व विष्णु साबू व बजरंग साबू परिवार कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक रहेंगे।

### 'जीवन के रंग संस्कार के संग" सांस्कृतिक संध्या

महेश नवमी महोत्सव की पूर्व संध्या पर माहेश्वरी मण्डल द्वारा सांस्कृतिक संध्या जीवन के रंग संस्कार के संग का आयोजन किया गया। समन्वयक प्रीति राठी,सरिता मोहता,अंजना शारदा,सुमन मरचुनिया ने बताया कि सांस्कृतिक संध्या में 4 वर्ष के बच्चे से लेकर 75 वर्ष की वरिष्ठ बहनों ने भाग लिया वरिष्ठ महिलाओं द्वारा महेश वंदना की प्रस्तुति दी गई साथ ही नवोदिता मंडल की युवतियों ने महेश के विभिन्न रूपों का वर्णन शिव तांडव जैसा अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किया गया।महिला मंडल अध्यक्ष प्रति राठी व सचिव सरिता मोहता ने बताया इस सांस्कृतिक संध्या की थीम संस्कार पर आधारित थी जिसके अंतर्गत सोलह संस्कार पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई और समाज के सभी बच्चो व महिलाओं दवारा अपने नृत्य में संस्कार और श्रृंगार रस व श्री कृष्ण रास रस भी दर्शाया गया कार्यक्रम की तैयारी लगभग 15 दिन से महिला मंडल कर रही थी। इस कार्य को कॉर्डिनेट करने मे पूर्ण सहयोग सुमन मरचुनिया अंजना शारदा पूजा मालपानी व सुनीता मूंदड़ा श्वेता माहेश्वरी आशीता माहेश्वरी रंजना कचौलिया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मंच संचालन निशा धूत श्रीमती प्रियंका राठी दवरा किया गया।प्रायोजक आनंद राठी मनोज राठी परिवार और माहेश्वरी रिसोर्ट परिवार रहे।






## राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

# बकाया राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करवाना सुनिश्चित करे - जिला कलक्टर

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिला कलक्टर श्री नमित मेहता ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपने दायित्वों का पालन करते हुये बकाया राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें तथा राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय, ग्राम पंचायत,ब्लॉक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई परिवादों एवं लंबित प्रकरणों का नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। शुक्रवार को ज़िला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये जिला कलक्टर ने यह बात कही। बैठक के दौरान अधिकारियों को राजस्व संग्रहण के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए गए।



**सघन वृक्षारोपण अभियान की माइक्रो प्लानिंग की समीक्षा**

बैठक के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्री शिवपाल जाट ने उपखंड अधिकारियों को वृक्षारोपण अभियान की जानकारी दी। जिला कलक्टर ने सघन वृक्षारोपण अभियान की माइक्रो प्लानिंग को लेकर समीक्षा की। उन्होंने पौधारोपण अभियान की तैयारियां, व्यवस्था और आम समस्यायों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि पौधों का रखरखाव सुनिश्चित होना चाहिए। साथ ही पौधा रोपण जमीन पर निराई-गुड़ाई और पानी की उचित व्यवस्था बनी रहे। जिला कलक्टर ने कहा कि इस अभियान में जनभागीदारी को सुनिश्चित करें।

जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 में लिए कार्यों की समीक्षा कर सभी कार्यों को निश्चित समय अवधि में पूरा करने के निर्देश दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत चल रहे कार्यां को प्राथमिकता से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने तथा अधिकारियों को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

**डिस्ट्रिक्ट टेलीकॉम कमेटी की बैठक आयोजित**

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर से स्थापित किये जाने के संबंध में आमजन से प्राप्त परिवेदना के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित किये जाने या रिन्यूअल के संबंध में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगरीय निकायों द्वारा निरस्त किये गये आवेदनों के संबंध में चर्चा की गई, साथ ही अवैध मोबाईल टॉवरों को हटाये जाने अथवा सीज किये जाने की कार्यवाही के क्रम में प्राप्त परिवेदनाओं के क्रम में आवश्यक कार्यवाही को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती वंदना खोरवाल ने कार्यकारी एजेंसियों को 'कॉल बिफोर यू डिग' एप डाउनलोड कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

**जल स्रोतों के आसपास के अतिक्रमण हटाने तथा उन्नयन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित**

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी जल स्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुओं, बावडि़यों एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण एवं इनके पुनर्जीवन के लिये अभियान के माध्यम से नियमित कारवाई करें। अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन श्री रतन कुमार ने इस संबंध में पूर्व में भी की गई कारवाई की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

**जिला स्तरीय बंधक श्रम सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न**

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को जिले में बंधुआ मजदूर व बाल श्रम की रोकथाम के लिए ईंट भट्टे व होटलों पर सर्वे कर शीघ्र कर कार्यवाही करने निर्देश दिये। बैठक में उपखंड अधिकारियों को उपखण्ड स्तरीय बंधक श्रमिक सतर्कता समिति का गठन करवाने व नियमित रूप से दो माह में बैठक आयोजित करवाने के संबंध में उपश्रम आयुक्त ने अवगत कराया। जिला कलक्टर ने उपखंड अधिकारियों को मुहिम चलाकर औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों, व्यापारियों के साथ बैठक लेकर श्रम कानूनों की जानकारी देने के निर्देश दिए।

**चिकित्सा, पेयजल तथा विद्युत सप्लाई की समीक्षा की**

जिला कलक्टर ने उपखंड अधिकारियों से क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं, पेयजल आपूर्ति तथा विद्युत आपूर्ति को लेकर समीक्षा की। बैठक के दौरान सीएमएचओ डॉ सीपी गोस्वामी ने 23 जून से प्रारंभ हो रहे राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की जानकारी दी। जिला कलक्टर ने अभियान के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

**अवैध खनन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस से हो कारवाई**

अवैध खनन की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में जिला कलेक्टर ने टास्क फोर्स सदस्यों, उपखंड अधिकारियों को अवैध खनन/निर्गमन तथा परिवहन की रोकथाम के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने खनि अभियंता से अब तक की गई कारवाई की जानकारी भी ली।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के लिए दिए दिशा निर्देश**

जिला कलेक्टर ने बैठक के दौरान अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाए जाने के लिए उपखंड अधिकारियों को ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सामंजस्य स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने आगामी त्यौहार पर शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उपखंड अधिकारियों को सतर्क रहने, बैठक करने तथा फील्ड मशीनरी को एक्टिवेट रखने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिले के समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, राजस्व से जुड़े अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

# पुजारी का अपहरण कर 30 लाख की फिरौती मांगने वाले आरोपी गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** बीती 10 जून को मंगरोप थाना क्षेत्र के सबलपुरा गांव के पास स्थित कृष्ण गौशाला के पास बालाजी मंदिर के पुजारी का कुछ लोगों नें अपहरण कर लिया था इस मामले को लेकर अपहृत की पत्नी मंजु देवी नें मंगरोप थाने में इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित करके 5 दिन के भीतर ही मामले में लिप्त मुख्य आरोपी सहित करीब तीन जनों को गिरफ्तार कर लिया है।थाना प्रभारी विवेक हरसाना ने बताया है कि सोमवार 11 जून को कांवाखेडा कच्ची बस्ती निवासी मंजू देवी नें अपने 45 वर्षीय पति शांतिलाल लौहार उर्फ चेतन महाराज के अपहरण की एक रिपोर्ट दी।महिला नें रिपोर्ट में बताया की कि उसका पति सबलपुरा के पास बालाजी मंदिर में पुजारी है और वह वही पर रहता है।सोमवार को कुछ लोग उसके पति का कार सहित अपहरण कर ले गए। अपहरणकर्ताओं ने पुजारी को छोड़ने की एवज में 30 लाख की फिरौती की मांग की गई थी।

इस मामले में एसपी के हस्तक्षेप के बाद मंगरोप थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर अनुसन्धान किया गया अथक प्रयास के बाद पुलिस नें अपहृत शांतिलाल लौहार उर्फ चेतन महाराज को दस्तयाब करते हुए मामले में लिप्त मुख्य आरोपी सहित तीन जनों विरमवन पुत्र लछूवन योगी उम्र 35 वर्ष निवासी कुवासका गुडा थाना देवगढ जिला राजसमन्द,भरत योगी पुत्र गोपाल नाथ उम्र 20 साल निवासी आसन थाना करेडा जिला-भीलवाडा,कमलेश नुवाल पुत्र श्री दिनेश नुवाल उम्र 21 साल निवासी करेडा थाना करेडा जिला भीलवाडा आदि को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# ट्रांसफार्मर चोरों को पुलिस ने दबोचा

## मुख्य आरोपी सहित पांच गिरफ्तार दो विद्युत डीपी और दो बाइक बरामद




स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले की रायपुर थाना पुलिस ने ट्रांसफार्मर चोरों करने वाली गैंग का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी सहित पांच बदमाशो को पकड़ा है साथ ही इनके कब्जे से दो विद्युत डीपी कर दो बाइक भी बरामद की है । थाना प्रभारी रायपुर राजेंद्र सिंह ने बताया की विद्युत विभाग रायपुर के कनिष्ठ अभियंता ने चोरी का एक मामला दर्ज करवाया था और बताया की 8 जून को आसूणा में स्थापित ट्रांसफार्मर से कोपर और बॉक्स अज्ञात चोर चुरा कर ले गए जिस पर टीम का गठन कर इस चोर गैंग का भंडाफोड़ किया और मुख्य आरोपी सहित पांच चोरों को गिरफ्तार किया जिनमे सुरेंद्र भील, प्रकाश भील, शिवा भील, नरपत लाल भील और पीरू लाल भील को गिरफ्तार शामिल है अभी आरोपी राजसमंद जिले के निवासी हैं ।

# मेमू फेक्ट्री की जमीन रीको को आवंटित, जहाँ बनेगा टेक्स्टाइल पार्क

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

टेक्स्टाइल पार्क पिछली सरकार के समय भीलवाड़ा को मिलना चाहिए था, लेकिन सरकार ने अनदेखी करते हुए जोधपुर का प्रस्ताव भिजवा दिया। इसके चलते भीलवाड़ा ही नहीं राजस्थान भी टेक्स्टाइल पार्क से वंचित रह गया। जबकि भीलवाड़ा न सिर्फ भारत में ही नहीं पूरी दुनिया में टेक्स्टाइल हब के रूप में अपनी एक पहचान दी है। इस विषय को लेकर विधायक कोठारी ने अपना प्रयास निरंतर जारी रखा। उसके अंतर्गत जनवरी 2024 में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भीलवाड़ा आगमन पर स्वागत अभिनंदन करते हुए टेक्स्टाइल पार्क की मांग उनके सम्मुख रखी थी। फरवरी 2024 में केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिख कर आग्रह किया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सात टेक्स्टाइल पार्कों की घोषणा में से राजस्थान को एक भी पार्क नहीं मिल पाया अतः कोठारी ने केंद्रीय मंत्री गोयल को भीलवाड़ा की वस्त्र उद्योग में पृष्ठभूमि योगदान व भूमिका का विस्तृत वर्णन देते हुए बताया कि भीलवाड़ा यार्न, कपड़ा, डेनिम व अन्य वस्त्र उत्पादों में भारत का सबसे बड़ा उत्पादक है। यहाँ 16000 लूम हैं, पीवी सूटिंग उत्पादन में भीलवाड़ा विश्व में प्रथम स्थान पर है, टेक्स्टाइल व्यापार का 25000 करोड़ का टर्नओवर और 5600 करोड़ से अधिक का निर्यात किया जाता है। इस प्रकार भीलवाड़ा का सटीक पक्ष रखते हुए केंद्रीय मंत्री से टेक्स्टाइल पार्क हेतु भीलवाड़ा की पात्रता को आधार बनाकर निवेदन किया कि इससे टेक्स्टाइल क्षेत्र में और कई नवाचार के साथ उद्योग का विकास होगा। उसके बाद मई 2024 में सुधांशु पंत, मुख्य सचिव से मुलाकात करते हुए लिखित में पुनः आग्रह किया और बताया कि भीलवाड़ा देश का एक प्रमुख टेक्स्टाइल उत्पादक केन्द्र है, यहाँ 18 स्पिनिंग मिलों में लगभग 12.75 लाख स्पिंडल लगे हैं, जो राजस्थान की स्थापित क्षमता के करीब 55 प्रतिशत हैं। कपड़ा उत्पादन क्षेत्र में यहाँ 400 से अधिक इकाइयाँ स्थापित हैं। यहाँ 120 करोड़ मीटर प्रतिवर्ष पीवी सूटिंग व डेनिम का उत्पादन होता है। इसलिए भीलवाड़ा की पात्रता को देखते हुए उक्त भूमि को भीलवाड़ा जिले में पीएम मित्रा टेक्स्टाइल पार्क के लिए सुरक्षित करावें।



तत्पश्चात इसी प्रय| को आगे बढ़ाते हुए भीलवाड़ा विधायक कोठारी ने पुनः मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को 6 जून 2024 को उपरोक्त जमीन को भीलवाड़ा की पात्रता को देखते हुए भीलवाड़ा जिले में टेक्स्टाइल पार्क की घोषणा कराने का आग्रह किया। इसी दौरान इस विषय पर केन्द्र सरकार से भी अनुरोध करते रहे। यह आवंटन सरकार के 100 दिन की कार्ययोजना का हिस्सा बना। इसमें स्थानीय जिला कलक्टर नमित मेहता व रीको एमडी शिव प्रकाश नकाते ने भी पूर्ण प्रयास किया। सभी के संयुक्त प्रयासों से मेमू फैक्ट्री की जमीन रीको को आवंटित हो चुकी है जो अतिशीघ्र टेक्स्टाइल पार्क के लिए आरक्षित हो जाएगी।

# नामचीन व्यापारियों के नाम से साइबर ठगी करने वाली अंतर्राजीय गैंग का पर्दाफाश

## 19 लाख रु बरामद, हिस्ट्रीशीटर सहित तीन गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत की सख्त हिदायत के बाद भीलवाड़ा पुलिस एक्शन में है । प्रताप नगर थाना पुलिस ने एक ऐसी अंतर्राजीय गैंग का खुलासा किया है जो नामचीन व्यापारियों की डीपी लगाकर रुपए की मांग करते और फिर साइबर ठगी को अंजाम देते थे । इन ठगबाजों से पुलिस ने ठगी के 19 लाख रु भी बरामद किए है और जालोर के हिस्ट्रीशीटर सहित तीन बदमाशो को गिरफ्तार किया है । प्रतापनगर थाना प्रभारी उदय सिंह के अनुसार प्रार्थी अजय सिंह लोढ़ा ने एक मामला दर्ज करवाया और बताया की मोबाइल पर गणपत चौधरी की डीपी लगाकर उसके पास व्हाट्स एप कोल आया और व्यापार में रु की आवश्यकता की बात कहकर हवाला के जरिए दिल्ली से पेमेंट दिलवाने की बात कही । उक्त मामले में टीम बनाकर बदमाशो की पुलिस ने तलाश शुरू की ओर जालोर के हिस्ट्रीशीटर मोड़ सिंह, कुंभाराम सारण निवासी जिला बालोतरा और मिश्राराम माली निवासी जालोर को गिरफ्तार कर इनके पास से 19 लाख रु की राशि बरामद कर जप्त की । मुख्य आरोपी मोड़ सिंह हिस्ट्रीशीटर है जिसके ऊपर राजस्थान सहित अलग अलग राज्यों के थानों में 6 मामले विभिन्न धाराओं में दर्ज है । वही कुंभाराम पर बालोतरा और पाली में तीन मामले दर्ज है । आरोपी फर्जी सिम से व्हाट्स एप डाउनलोड करते और धनी व्यक्तियों की डीपी लगाकर उन्ही की भाषा में बात कर लोगो से हवाला के नाम पर ठगी करते थे।

# तूफान के साथ आई बारिश ने कई घरों के टीन शेड उखाड़े व घर के जालियो के शीशे टूटे व कई पेड़ धाराशाही

स्मार्ट हलचल | मनोहरपुर

मनोहरपुर कस्बे सहित आस पास सुराणा ,टोडी , उदावाला,खोजावाला, लखेर , घासीपुरा,नवलपुरा, खोरालाड़खानी, चक मनोहरपुर, बिशनगढ़ , बुरहानपुर सहित कई क्षेत्र में तेज हवा के साथ करीब एक घंटा बारिश हुई।

जहा तेज हवा के साथ बारिश होने के कारण कई मकानो पर लगी टीन शेड उड़कर नीचे गिरे वही मकानो की खिड़कियों में लगे शीशे टूट कर बिखर गए वही कई पेड़ टूट कर नीचे गिर गए।

अचानक मौसम बदलने के साथ ही तेज हवा के साथ बारिश शुरू हुई।जो की तेज तूफान के साथ करीब एक घंटे तक लगातार बारिश होने से कई जगह पर जलभराव हो गया तो कई जगह टोल प्लाजा के पास,बिजली निगम के द्दह्यद्द द्घ पास में दो जगह पर पेड़ टूट कर तारों पर गिर गया जिसको कर्मचारियों द्वारा कई घंटो की मशक्कत के बाद हटाया गया।वही टोल प्लाजा के राष्ट्रीय राज मार्ग पर एक पेड़ गिर गया जिसके कारण लंबा जाम लग गया।

इस दौरान रावधीर सिंह कॉलोनी में एक दुकान की छत पर लगी टीन शेड उड़कर नीचे गिरा। गनीमत रही की नीचे कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था नही तो बड़ा हादसा हो सकता था।

इस दौरान उदावाला के मुख्य रास्तों पर पेड़ टूटकर गिर गए जिससे राहगीरों को आने जाने में काफी समस्याओ का सामना करना पड़ा।

इस दौरान इस दौरान करीब 1 घंटे की लगातार बारिश से लोगों को गर्मी से राहत भी मिली है। तो कहीं जगह पर इस बारिश से लोगों को काफी नुकसान का भी सामना करना पड़ा है गनीमत रही की समूचे क्षेत्र में कोई जनहानी नही हुई।

इस दौरान कई जगहों पर तेज हवा के बारिश के कारण मनोहरपुर टोल प्लाजा, उदावाला के मुख्य मार्ग,मनोहरपुर के रावधीर सिंह कॉलोनी,खोरा लाड़खानी, टोडी सुराणा में पैड व टीन शेड उड़कर गिर गए। बारिश होने से गर्मी में मिली राहत लंबे समय से भीषण गर्मी के चलते लोगो को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था।वही मोसम विभाग की तेज हवा के साथ बारिश होने की अलर्ट सूचना के द्वारा शु' वार को तेज हवा के साथ बरसात शुरू हुई जो की समूचे क्षेत्र में कई जगह पर गर्मी से भी राहत मिली है।

## सांसद अग्रवाल की धन्यवाद यात्रा कोटड़ी में

स्मार्ट हलचल | राजेन्द्र बबलू पोखरना

कोटड़ी। लोकद्यस्भा सांसद दामोदर अग्रवाल शनिवार को धन्यवाद यात्रा के तहत निर्वाचित होने के बाद पहली बार कोटड़ी पंहुच भगवान श्रीचारभुजानाथ के दर्शन कर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बेठक को संबोधित भी करेंगे। भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने बताया कि सांसद दामोदर अग्रवाल की धन्यवाद यात्रा शनिवार को सुबह 10 बजे कोटड़ी पंहुचेगी। सांसद अग्रवाल कोटड़ी श्रीचारभुजानाथ के दर्शन कर मन्नत पूरी होने पर प्रभू के दर पर मत्था टेकेंगे। इसके बाद आदर्श विद्या मन्दिर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बेठक को संबोधित करेंगे। जिसमें जहाजपुर विधायक गोपी चन्द मीणा, प्रधान करण सिंह बेलवा, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, भाजपा मण्डल पदाधिकारी, सभी मोर्चो के मण्डल पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र प्रभारी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष के अलावा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। सांसद के कोटड़ी आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह नजर आ रहा है।

# अफीम किसानों ने डोडा चूरा नष्टीकरण व जमींदोज नहीं करने को लेकर आबकारी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** राजस्थान व अन्य राज्यो में अफीम उत्पादक किसानों को भारत सरकार अफीम उत्पादन हेतु लाइसेंस जारी किया जाता है, अफीम तो भारत सरकार जीवन रक्षक दवाइया बनाने के लिए निर्धारित मापदंड के अनुसार खरीद लेती है पर उससे बचा हुआ डोडा चूरा 2016 से पूर्व राज्य सरकार द्वारा निर्धारित ठेका पद्धति पर 125 प्रति किलो खरीदा जाता था जिसे राज्य सरकार ने बंद कर दीया व किसानों का डोडा चुरा नष्टीकरण का आदेश दिया हुआ है, वह इस डोडा को जमींदोज किया जाता हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान होता है। अफीम उत्पादक संघर्ष समिति राजस्थान प्रदेश ने मांग की है की अफीम किसानों को 2000 प्रति किलो के हिसाब से डोडा चुरा का मुवावजा वजन के अनुसार दिया जाए या किसानों को यह अधिकार दिया जाए की वह अपने खेत में ही इसको डिस्प्ले /हकाई से नष्टीकरण कर दे व किसान स्व घोषित प्रमाण पत्र दे दे व किसानों के ऊपर इसका विश्वास किया जाए जिससे भूमि की उर्वरता भी बढ़ेगी वह किसान शोषण मुक्त भी होगा बहुत से किसानों के कच्चे मकान होने की वजह से टोडा चुरा को सुरक्षित करना मुश्किल होता है मवेशी खा जाते हैं या बारिश में भीग जाता है, ऐसे किसानों का मापदंड के अनुसार डोडा चूरा रखना संभव नहीं है । आज सवाईपुर में अफीम डोडा ने नष्टीकरण की टीम पहुंची, लेकिन सवाईपुर, सोपुरा, सालरिया, खजीना, आकोला, किशनगढ़, जावल, देवरिया, दातड़ा, गोरा खेड़ा, होलिरड़ा बिरमियास, ककरोलिया घाटी, खारो का खेड़ा, गफेसरा, रामनगर, जित्यास गांवों के 300 काश्तकार सवाईपुर में स्थित रड़ा की माताजी मंदिर पर पहुंचे ।



आबकारी की टीम में सुखवेदर सिंह आबकारी निरीक्षक, नाथु सिंह कानावत प्रहरा अधिकारी, दुर्गा लाल आबकारी गार्ड पहुंचे, जिनको बद्रीलाल तेली प्रांत अध्यक्ष अफीम किसान संघर्ष समिति, रामपाल जाट भीलवाड़ा जिला सह संयोजक के सानिध्य में अफीम किसानों ने आबकारी टीम को डोडा नष्टीकरण नहीं करने को लेकर ज्ञापन सोपा, इस दौरान बड़ी संख्या में अफीम काश्तकार मौजूद रहे, सवाईपुर चौकी पुलिस का जाब्ता मौके पर तैनात रहा।

# ईदुलअजहा पर्व से पूर्व कुरान ख्वानी के साथ लगाये पौधे



स्मार्ट हलचल | काछोला

इस्लाम में सब्र की बड़ी फजीलत आई है, कुरआन में फरमाया गया- 'सब्र करने वालों के साथ अल्लाह है। ' सब्र यह है कि अपनी कोई भी चीज चाहे वह कितनी ही बड़ी क्यों न हो, हाथ से जाती रहे तो, हम न हिम्मत खो बैठे और न रोएं धोएं। अल्लाह के फैसले पर राजी रहें और इस यकीन को बनाए रखें कि लिया उसी ने है, जिसने दिया था।यह बात काछोला में कुरान पाठ व पौधरोपण के दौरान हाफिज मोहम्मद रजा ने कही,

वही उन्होंने कहा कि अल्लाह ने कुरान में प्रशंसा करते हुए फरमाया की सब्र से दुनिया मे अल्लाह की मदद और आखिरत में अल्लाह की खुशनूदी हासिल होगी,अल्लाह के रसूल मोहम्मद साहब (सअव) ने फरमाया की मोमिन का मामला बडा अजीब है,उसके सारे मामले उसके लिए भलाई के ही होते है। इसी तरह माहे रमजान में भी सब्र का इम्तिहान अल्लाह लेते है इसके बदले में नेक इंसान बन जाते है जो इंसानियत को बर्बाद होते कभी भी नही देख सकते है,इसलिये हमे दैनिक कार्यक्रम से नमाजें पढ़ना, तहज्जुद, कुरान तिलावत,अच्छे कर्म करना, दान,स्वैच्छिक इबादत,जि' , मोहम्मद साहब (सअव)के बताए राह का अनुसरण करना।

# आतंकी हमले को लेकर हिंदू संगठनो का प्रदर्शनः तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | रायपुर

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल एवं मातृ शक्ति द्वारा शुक्रवार को जम्मू कश्मीर के कटरा में हुए हमले के विरोध में तहसीलदार सांवर मल असरवा को शुक्रवार ज्ञापन सौंप आतंकियों पर कार्रवाई की मांग की विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष मुकेश सेन ने बताया कि जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिवखोड़ी जाते समय 9 जून को श्रद्धालुओं की बस पर आतंकवादियों द्वारा कायराना हमला किया। जिसमें 10 निर्दोष तीर्थ यात्री मारे गए, संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है। इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव्र आ' ोश में है। ज्ञापन में बताया गया कि जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है, धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है,इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसी कृत्य करके आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए मांग करता है की इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश दें तथा इस प्रकार के तत्वों को संरक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी कठोरता से समुचित इलाज हो ऐसा केन्द्र सरकार से सुनिश्चित कराने का आग्रह करें।




इसके साथ ही अजमेर ब्लैक मेकिंग कांड भी कड़ी निन्दा करी साथ ही हिंदु संगठनों ने रायपुर गढ़ के अतिक्रमण को हटाने की मांग उठाई है इससे पूर्व बस स्टैंड चौराहे से विभिन्न हिंदु संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर नारेबाजी की गई तत्पश्चात तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने में दुर्गा वाहिनी जिला मातृ शक्ति संयोजिका अनुराधा सिंह, प्रियंका माली, राधिका सेन, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष गीता त्रिवेदी,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला प्रचारक महेश शर्मा, विहिप अध्यक्ष मुकेश सेन, बजरंग दल प्रखंड संयोजक दिनेश लक्षकार, ओगड़िया बालाजी मित्र मण्डल अध्यक्ष शान्ति लाल प्रजापत, भाजपा नेता नाथू लाल शर्मा, हिंदू जागरण मंच के भैरु सिंह सिसोदिया, सुनिल सालवी, शिव सेना विधायक प्रत्याक्षी किशन दास वैष्णव, विशाल वैष्णव रायपुर, मनोज सेन, मोहन जाट केमुनिया, एडवोकेट दिनेश गुर्जर सगरेव, ईश्वर माली, दिनेश माली, विकास वैष्णव, जितेन्द्र वैष्णव, गोविन्द तेली, कन्हैया माली, राजेन्द्र टांक,जगदीश गाडरी, राजकुमार वैष्णव, सहित विभिन्न हिंदु संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जज पर हमला कर कार में तोड़फोड़ करने वाले युवक को सदर थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** कोटा से राजसमंद जा रहे जज की कार को गलत दिशा से ओवरटेक कर क्षतिग्रस्त करने के बाद हमला करने के मामले का खुलासा करते हुये सदर थाना पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया । सदर थाना प्रभारी उगमाराम ने शुक्रवार को बताया कि अपर सेशन जज, राजसमंद सुनीलकुमार ओझा नौ जून को भीलवाड़ा के रास्ते कोटा से राजसमंद जा रहे थे। सुवाणा में हनुमानजी मंदिर से 100 मीटर दूर भीलवाड़ा की ओर एक शराबी व्यक्ति बाइक लेकर गलत दिशा से आया और उनकी कार को ओवरटेक कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद उसने थोड़ा आगे जाकर बाइक रोकी। शराबी व्यक्ति ने उन पर पत्थर फेंकें और अभद्रता की। जान से मारने की नियत से पत्थर से हमला कर दिया। धमकी दी। मौके पर जुटी भीड़ ने बीच-बचाव किया। देख लेने की धमकी देकर बाइक सवार आगे चला गया। दो-तीन किलोमीटर दूर तक उनकी कार का उक्त शराबी ने पीछा किया। तिलक नगर स्थित सिद्धी विनायक अस्पताल से आधा



किलोमीटर आगे भीलवाडा की ओर उनकी कार के आगे शराबी ने अपनी बाइक लगा दी और कार को रुकवा लिया। पत्थरों व नूकीली चीज से जज की कार के बोनट और कार पर पत्थरों से पुनः हमला कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान लगातार वह जान से मारने की धमकी दे रहा था। उन्होंने शराबी की बाइक की फोटो लेने का प्रयास किया तो अभद्रता की। मोबाइल भी छीन लिया। वहां भी भीड़ जुट गई। भीड़ ने आरोपित को पकड़ कर उसे अलग किया और उनका मोबाइल उन्हें वापस दिलाया। जज की यह रिपोर्ट 10 जून को डाक से पुलिस को मिली। इस पर यह केस दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के आदेश से एएसपी विमल सिंह के निर्देशन, डीएसपी सदर श्यामसुंदर विश्नौई के निकटतम सुपरविजन और थाना प्रभारी उगमाराम के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने इस वारदात का खुलासा करते हुये इस घटना के आरोपित खटीक मोहल्ला, पुरानी धानमंडी निवासी गोविन्द खटीक 33 पुत्र हेमराज खटीक को गिरफ्तार कर लिया। टीम में दीवान रोहिताश, जय प्रकाश शर्मा, कांस्टेबल भंवर सिंह, गजराज सिंह, सौरभ (विशेष योगदान), दिनेश, सचदेव, अजय, पर्वत सिंह शामिल थे।

## सफाई के आभाव में सड़कों पर भरा गंदा पानी दुर्गंध से ग्रामीण परेशान



स्मार्ट हलचल

**बेरा।** क्षेत्र के नीम का खेड़ा ग्राम पंचायत के नानपुरा खेडा गांव में घरों के बाहर नालियों की कही महीनो से सफाई नहीं होने के कारण नाली का गंदा पानी लोगों के मकान के बाहर इकट्ठा होने के कारण सड़ी दुर्गंध मार रहा है जिससे मोहल्लेवासी परेशान है । जगदीश ने बताया कि मोहल्ले में किराएदार कचरा नालियों में डाल देते हैं और समय पर सफाई भी नहीं होती हैं जिससे नाली चौक होकर नालियों का गंदा पानी मकान के बाहर सड़क पर इकट्ठा हो जाता है जिसके कारण मोहल्ले वासी एवं दुकानदार भी परेशान हैं गंदे पानी में मलेरिया के मच्छर भी पनप कर लोग बीमार हो रहे हैं अगर ग्राम पंचायत ने समय पर सफाई नहीं करवाई तो लोग और ज्यादा बीमार होंगे ग्राम पंचायत ही नहीं बल्कि हर मकान मालिक की जिम्मेदारी बनती है कि अपने मकान के बाहर प्लास्टिक एवं कचरा नाली में नहीं डाले बल्कि उनको जला कर खत्म करें प्लास्टिक की थैलियां एवं डिस्पोजल गाय खा जाती है जिससे पशु बीमार होकर मौत के घाट उतार रहे हैं लेकिन इन सभी चीज को सुनने वाला कोई नहीं है लोगों ने 18 1 पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

## बिलोड़ में महायज्ञ की पूर्णाहुति, मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** बिलोड गांव में बली का मंड देवनारायण भगवान के यहां मूर्ति प्रतिष्ठा एवं कलश स्थापना के लिए आयोजित पंच दिवसीय पंच कुंडात्मक श्री हरि महायज्ञ पूर्णाहूति के साथ ही सम्पन्न हो गया। महायज्ञ यज्ञाचार्य विद्वान पण्डित रतन लाल शर्मा के सानिध्य में वेदों की रिचाओ के उदघोष के मध्य प्रातः 7 बजे पूर्णाहूति हुई। वातावरण देवनारायण भगवान के जयकारों से गुंजायमान हो गया।

श्रद्धालुओं की भीड़ के मध्य तड़के 4 .15 बजे देवनारायण मन्दिर में मूर्ति प्रतिष्ठा व कलश स्थापना की गई । महा आरती के बाद महा प्रसादी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भोजा लाल गुर्जर कैलाश चन्द्र जोशी,भंवर लाल जाट, चम्पा लाल जोशी,प्रभु लाल जाट, प्रकाश चन्द्र गुर्जर, कालू लाल मौटीस, छीत्तर सिंह , कल्याण सिंह, भैरूं सिंह, भोपजी हीरा लाल गुर्जर सहित सैंकड़ों व्यक्ति मोजूद रहे।

## कर्मचारियों ने जीपीएफ नंबर आवंटन को लेकर सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**बदनोर।** राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ द्वारा विद्युत निगमों में पुरानी पेंशन योजना लागू हुए कई माह व्यतीत होने के बाद भी विद्युत निगमों में दिनांक 01.01.2004 के पश्चात नियुक्त व कार्यरत कर्मचारियों की आज तक सीपीएफ कटौती बन्द कर खाता संख्या आवंटित नहीं किये गये है एवं सभी कर्मचारियों में रोष व्याप्त हो रहा है जिस कारण उनकी कार्यशैली पर विपरित प्रभाव पड रहा है। विद्युत निगमों में 01.01. 2004 के पश्चात सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों एवं मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को जीपीएफ एवं पीपीओ जारी कर पेशन भुगतान किया जा रहा है। राजस्थान सरकार द्वारा पुरानी पेशन योजना हेतु जारी एवं निगमों द्वारा अंगीकार किये गये आदेश क्रमांक प.13 (12) वित्त



(नियम)/ 2021 जयपुर दिनांक 20.04.2023 की बिन्दु संख्या 1.5 में स्पष्ट उल्लेख है कि 'जिन कार्मिकों द्वारा सीपीएफ जीपीएफ के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना का विकल्प दिया है तथा स्वीकार कर लिया जाता है तो उनकी नियोक्ता अंशदान के रुप में कोई कटौती सीपीएफजीपीएफयोजना के अन्तर्गत नहीं की जायगी। परन्तु ओ.पी.एस. लागू होने के लगभग 8 माह बाद और स्पष्ट प्रावधान होने के बाद भी सीपीएफ कटौती, ईपीएफ अंशदान ईपीएफओ को भेजना बंद नहीं हुआ और ना ही जीपीएफ खाता आवंटन कर जीपीएफ की कटौती प्रारम्भ की गई है। अतः ज्ञापन के माध्यम से राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ आप श्रीमान से आग्रह करता है कि स्पष्ट नियम व निर्देश होने के बाद भी सीपीएफ कटौती बन्द कर जीपीएफ कटौति चालू नहीं कर रहे व प्रकरण को ईपीएफओ से संस्थान के लिए सम्पूर्ण छूट प्राप्त करने व काननू सलाह के नाम पर लम्बित कर रहे प्रशासन के संबंधित अधिकारियों को तुरन्त प्रभाव से निर्देश जारी कर जीपीएफ खाता आवंटित कर जीपीएफ कटौती प्रारम्भ करवाने का कष्ट करें अन्यया कर्मचारियों में व्याप्त आक्रोश को देखते हुए संगठन द्वारा कर्मचारियों के हित में दिनांक 19.06.2024 को विद्युत भवन का घेराव किया जावेगा। इससे होने वाली औद्योगिक अशांति की समस्त जिम्मेदारी विद्युत प्रशासन की होगी। ज्ञापन देते समय लाइनमेंन महावीर सिंह, लोकेश कुमावत सहित मौजूद रहें।

## श्ववान ( कुतो ) ने पीछे दौड़ किया घायल

### अपने आप को बचाने के लिए गाय की बछड़ी ने लगाई कुंवाड़ा खान मे छलांग

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

शुक्रवार तड़के बाबू,राहुल नायक से सुचना मिली कि एक गोवंश जो की कुंवाड़ा खान में दलदल में फंसा है सूचना श्री राम गौसेवा समिती के राम लखन, गोपाल को दी गयी वहा सभी गौसेवक पहुंचे और देखा तो एक छोटी बछडी जो की कुंवाड़ा खान के अंदर पुरे भीलवाड़ा शहर से जो नाले नालियों का कचरा कूड़ा डालते हे उसके अंदर फंसी हैं । वहा के निवासियों ने बताया की यह बछड़ी जो की रोड पर थी मध्य रात्रि को कुत्तों द्वारा इस पर हमला किया गया इसके दोनों कान खा लिए गए और वह अपने आप को बचाने के लिए खान के अंदर कूद गई । सुबह नित्य कर्म करने जा रहे हैं एक व्यक्ति द्वारा देखा गया । श्री राम गौसेवा समिति के गौसेवकों द्वारा उस गंदगी का बिना विचार विमर्श करे उत्तर गए और इस विशाल गंदगी के ढेर से इस बछडी को सफ्लतापूर्वक सकुशल बाहर निकाल दिया गया और एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया..

समिति ने प्रशाशन से मांग की हे की कुंवाड़ा खान के चारो और तारबंदी या बाउंड्री बनाई जाए ।

मौके पर समिति के गौसेवक राम लखन ,भाई राहुल शर्मा, भाई, गोपाल जी धोबी, भाई राहुल नायक, अन्य भाई मौजूद रहे ।

## पुलिस चौकी में सीएलजी व शांति समिति की बैठक संपन्न



स्मार्ट हलचल | पेसवानी

**शाहपुरा।** शाहपुरा की पुलिस चौकी में शुक्रवार को देर चाहे आगामी दिनों होने वाले त्योहारों के मध्य नजर सीएलजी एवं शांति समिति की बैठक आयोजित की गई शाहपुरा के पुलिस उप अधीक्षक रमेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नगर परिषद के सभापति रघुनंदन सोनी शाहपुर के थाना प्रभारी महावीर प्रसाद शर्मा तहसीलदार शाहपुरा रामकुमार पूनिया की मौजूदगी में 17 जून को होने वाली बकर ईद तथा निर्जला एकादशी सहित आने वाले अन्य त्योहारों के संबंध में सभी उप-स्थत गण मान्य नागरिकों से शांति बनाए रखने का आह्वान किया गया बैठक में मौजूद विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी ओर से सुझाव भी दिए।

पुलिस उपाधीक्षक तिवारी ने शाहपुरा के वीडियो का आह्वान किया कि शाहपुरा की परंपरा को बनाए रखते हुए आगामी त्योहारों पर शांति बनाकर परस्पर सामाजिक और सांप्रदायिक सौहार्द बनाएं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सात दिवसीय योग्य अभ्यास प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

### भारत विकास परिषद अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति आमजन को कर रहा है प्रेरित

स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** भारत विकास परिषद शाखा रायपुर द्वारा राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के प्रति आम जन में जागरूकता लाने के लिए सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ शुक्रवार प्रातः 5:15 बजे से 6:15 बजे तक किया गया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अखिलेश बोल्या ने बताया कि योग प्रशिक्षक सुभाष चंद्र झवर द्वारा कटी संचालन,



ग्रीवा संचालन, भ्रामरी, प्राणायाम, मंडूकासन, वज्रासन, मकरासन सहित अनेक आसनों का प्रोटोकॉल के अनुसार अभ्यास कराया गया। खानदेश स्तरीय योग शिविर प्रभारी रमेशचंद्र वैष्णव ने बताया कि आमजन को घर-घर जाकर योग प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस अवसर पर ओमप्रकाश दाधीच, पूर्व सरपंच पुष्पा देवी सुखलेचा, महिला प्रभारी सुनीता झंवर, पतंजलि योग समिति के धर्मेंद्र वर्मा, महावीर इंटरनेशनल के चेतन सुखलेचा, सेवानिवृत्त व्याख्याता चंद्रशेखर देशांतरी, कांस्टेबल रज्जाक खां पठान सहित भारत विकास परिषद के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सूरौठ थाने के कांस्टेबल अमीर सिंह को मिला डीजीपी डिस्क अवार्ड

स्मार्ट हलचल

**सूरौठ।** थाना सूरौठ में कार्यरत कांस्टेबल अमीर सिंह को डीजीपी डिस्क अवार्ड मिला है। करौली जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्य म में एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने कांस्टेबल अमीर सिंह को महानिदेशक डिस्क अवार्ड भेंट कर सम्मानित किया है। कांस्टेबल अमीर सिंह को यह पुरस्कार अपराध नियंत्रण, प्रशासन, कानून व्यवस्था एवं इंटेलिजेंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित करने पर पुलिस विभाग की ओर से दिया गया है। कांस्टेबल अमीर सिंह को डीजीपी डिस्क अवार्ड मिलने पर सूरौठ क्षेत्र



के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पॉलीथिन बहिष्कार जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### जन जागरूकता रैली से दिया स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पॉलिथीन बहिष्कार का संदेशकेनवास बैगो का किया वितरण

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुभाष नगर में संचालित स्काउट ट्रुप, गाइड कंपनी, बुलबुल फ्लॉक, कब पैक के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा पॉलिथीन बहिष्कार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चित्तौड़ प्रांत कार्यवाह एवं पूर्व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शंकर लाल माली के मुख्य आतिथ्य, सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट मंडल अजमेर विनोद दत्त जोशी की अध्यक्षता तथा उप प्रधान स्काउट गाइड स्थानीय संघ भीलवाड़ा मदनलाल शर्मा एवं प्रधानाचार्य उर्मिला जोशी के विशिष्ट आतिथ्य में जन जागरूकता कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम संचालक सहायक लीडर ट्रेनर्स (स्काउट) प्रेम शंकर जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पॉलिथीन बहिष्कार के स्लोगन लिखे कैनवास के बैग सभी संभागियों को वितरित करने के



बाद मुख्य अतिथि ने कहा कि स्काउट गाइड स्वच्छता ,समाज सेवा ,विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु जन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभाते हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में जोशी ने बताया कि स्काउट गाइड सेवा के लिए तत्पर रहते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से श्रेष्ठ आचरण ,ईमानदारी, साहस ,धैर्य , कर्तव्यनिष्ठा, वफादारी आदि नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारते हुए ,सुनागरिक बनकर देश की सेवा के लिए अपने आप को तैयार करते हैं।

इस अवसर पर गाइड कैप्टीन संगीता व्यास एवं फ्लॉक लीडर मंजू शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पॉलिथीन बहिष्कार के प्रति जनसाधारण को जागरूक करने हेतु स्काउट गाइड बालकों के हाथों में बैनर तख्तियां, डिस्प्ले बोर्ड, कैनवास बैग देकर एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसे अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर विद्यालय प्रांगण से रवाना किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया तथा तिलक लगाकर, मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर, ऊपरना धारण कराके, स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता शारीरिक शिक्षा सुनील खोईवाल, वरिष्ठ अध्यापक परमेश्वर शर्मा, एडवांस गाइडर रेखा जाट, सीनियर स्काउट उमेश मेघवंशी ,सुमित शर्मा सीनियर रोवर फुरकान, रेंजर प्रिया स्वर्णकार सहित लगभग 101 स्काउट, गाइड ,रोवर ,रेंजर, कब, बुलबुल उपस्थित थे।

## प्रभू चारभुजानाथ 18 को करेंगे नोका विहार

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** मेंवाड़ का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल भगवान श्रीचारभुजानाथ के भक्त निर्जला एकादशी 18 जून को मन्दिर परिसर में ही अस्थाई कुण्ड तैयार कर प्रभू को सजीधजी नौका में विराजमान करा नौका विहार महोत्सव आयोजित किया जाएगा। आयोजक रामेश्वर लाल, राजेन्द्र दिया देवली ने बताया कि पिछले वर्ष अपार उत्साह के बाद श्रीचारभुजा मन्दिर ट्रस्ट की सहमति से आगामी 18 जून को दोपहर में प्रभू का विशेष श्रृंगार कर दूसरी बार नोका विहार महोत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होने बताया कि प्रभू की विशेष श्रृंगारित प्रतिमा सजीधजी नौका में विराजमान करा नौका विहार कराएंगे। उन्हेने अधिक से अधिक भक्तों को उपस्थित हो प्रभू को नौका विहार करवाने का आग्रह किया है।

## नवाब कायम खा के 605वें यौमें शहादत दिवस पर खिराजे हकीकत पेश



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** कायमकानी कॉम के बानी दादा नवाब कायम खा के 605वें यौमें शहादत दिवस पर खिराजे हकीकत पेश की गई । इस मौके पर कायमखानी समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें मस्जिद कायमखानियांन में कुरानखानी की गई। हाजी चांद खा कायमखानी की अगुवाई में बेजुनाब पशुओं को ईदगाह के पास हरा चारा डाला गया। इस मौके पर पार्षद डॉ. इशाक खान एवम कायमखानी समाज के युवाओं ने दरगाह अजीम अली शाह के पास स्थित बावड़ी पर श्रमदान किया।

मेवाड़ कायमखानी महासभा अध्यक्ष भवदीन खा एवम सचिव फिरोज खा कायमखानी की अगुवाई में महासभा द्वारा मरीजों को फल वितरित किए गए। जुम्में की नमाज के बाद मस्जिद कायमखानियान में सामूहिक रूप से मौलाना मुमताज कादरी द्वारा फातेहाखानी कर दादा कायम खा के लिए दुआएं मगफिरत की गई। साथ ही देश में अमन चैन को दुआ मांगी। जीव दया सेवा समिति की अगुवाई में मस्जिद में परिंडे बांधे गए, एवम समिति के संयोजक अत्तु खा ने बताया कि इस मौके पर शाहपुरा क्षेत्र में 605 परिंडे निशुल्क वितरित किए जायेंगे। इस मौके हाजी चांद खा कायमखानी, जीव दया सेवा समिति के संयोजक अत्तू खा कायमखानी, पार्षद डॉ. इशाक खान, रेहान खान, इरफान खान, मोहम्मद हुसैन, फिरोज खा कायमखानी पूर्व कृषि अधिकारी, अजीज खा ,इस्माइल खा कायमखानी, सलमान खान, पार्षद हमीद खा कायमखानी, शब्बीर हुसैन, चिराग खा कायमखानी, नूर मोहम्मद , मौलाना मुमताज , नाहर खा, दिलकश खा, डेनी खा, जुबैर खा, मौसम खा, दिलावर खा, इकबाल खा कायमखानी, महमूद खा, हाजी मुमताज खा कायमखानी, फिरोज खा कायमखानी, यासीन खा आदि के साथ कायमखानी समाज के युवा और बुजुर्ग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ 23 जून को, अभियान की सफलता के लिए एनजीओ प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई सम्पन्न

## बूथ कवरेज बढाने में स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि करें सहयोग-सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी

स्मार्ट हलचल | भीलवाडा

राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ 23 जून को जिले में किया जाएगा। अभियान के सफल ियान्वयन को लेकर सीएमएचओ डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सीएमएचओ चैम्बर में जिले के विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सीएमएचओ डॉ0 गोस्वामी ने पोलियो दिवस पर स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से बूथ पर स िय सहयोग देकर मोबिलाईजेशन के माध्यम से जन्म से लेकर 5 वर्ष तक की आयु के शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियों की खुराक पिलवाकर बूथ कवरेज बढाने को लेकर अपील की। इस दौरान सीएमएचओ ने गर्मी के मौसम के लिहाज से स्वयंसेवी संस्थाओं से गोद लिए गये बूथों पर टैन्ट व पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि अभियान के तहत जिले में जन्म से लेकर 5 वर्ष तक की आयु के लक्षित बच्चों को पोलियो बूथों पर



जीवन रक्षक पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। जिले में अभियान के सुचारू संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर से आब्जर्वर की नियुक्ति की गयी है, जिनके द्वारा अभियान की मॉनिटरिंग की जायेगी। बैठक के दौरान जिला आरसीएच अधिकारी डॉ0 संजीव शर्मा, प्रधानाचार्य एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र अरूण पुरोहित सहित विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं से मंजू पोखरना, ममता शर्मा, योगीता सुराणा, पुष्पा मेहता, अमित मेहता, विजया सुराणा, अमिता बावेल, अमित, सत्यनारायण शर्मा, नाथूराम शर्मा सहित कैलाश जोशी आदि मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि जिले में कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक लेने से वंचित न रहे इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर दवा पिलाने के लिए पूर्ण व्यवस्था की गई है। अभियान के दौरान हाई रिस्क एरिया जैसे-पेरी अरबन एरिया, ईट-भट्टा व निर्माण स्थलों, नरेगा कार्य औद्योगिक क्षेत्रों, कच्ची बस्तियों एवं माइग्रेट व मोबाइल जनसंख्या को कवर करने हेतु विशेष इंतजाम किये गये है। अभियान के सफल क्रियान्वयन व जन जागरूकता हेतु पोलियो दिवस से एक दिन पूर्व जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

# महेश नवमी पर महेशमय होगा भीलवाड़ा, शोभायात्रा आज

## बड़े ड्रोन से शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा होगी, बड़े मंदिर से केसरिया साफा पहन पुरुष महिलाएं 100 बुलेट मोटरसाइकिल पर निकालेगे बुलेट रैली

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा के तत्वाधान महेश नवमी के अवसर पर विशाल शोभायात्रा धूम धड़ाके से निकाली जाएगी। नगर माहेश्वरी सभा अध्यक्ष केदार गगरानी मंत्री संजय जागेटीया ने बताया कि शोभायात्रा साय 4:15 बजे राजेंद्र स्कूल से प्रारंभ होगी एवं मुरली विलास रोड रेलवे स्टेशन गोलप्याऊ चौराहा बालाजी मार्केट सुभाष मार्केट होते हुए राजेंद्र मार्ग स्कूल पहुंचेगी शोभा यात्रा से पूर्व बड़े मंदिर की बगीची से होते हुए मुख्य मार्ग से बुलेट मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी जिसमें पुरुष व महिलाएं केसरिया साफा पहन कर ढोल नगाड़े के साथ बुलेट रैली में शामिल होगी।

महेश नवमी महोत्सव संयोजक राधेश्याम सोमानी व नगर उपाध्यक्ष महावीर समदानी ने बताया कि शोभा यात्रा में अजमेर से मगाये बड़े ड्रोन से पहली बार हर चौराहे पर गुलाब कि पत्तियों से शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की जाएगी इसके लिए गुलाब कि पत्तियों अजमेर से मंगवाई गई है। महेश नवमी के अवसर पर विशाल शोभायात्रा एवं रामेश्वरम भवन में महासंगम प्रसादी के लिए समाज जनों ने आज मुख्य बाजारों में समाज के प्रतिष्ठानों पर मिलकर 15 जून शनिवार महेश नवमी के अवसर पर दोपहर 4 बजे बाद प्रतिष्ठान बंद कर शोभायात्रा में भाग लेने की अपील की है।

यातायात परिवहन प्रभारी कैलाश चंद्र मुंन्दडा कैलाश चंद्र हेड़ा ने बताया कि शोभा यात्रा के बाद श्रीनगर सभा द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर 8 बसें लगाई जाएगी जिसमें पूर, सांगानेर, राजेंद्र मार्ग स्कूल, सुभाष नगर ,आरकेआरसी कॉलोनी, विजय सिंह पथिक नगर, आजाद नगर से रामेश्वरम हरनी महादेव महाप्रसादी में ले जाने के लिए समाज जनों के लिए आठ बसो की निशुल्क सुविधा रहेगी।

चौराया सजावट समिति मुख्य प्रभारी सुमित जागेटिया ने बताया कि



शहर में 11 बड़े चौराहे सजाए जाएंगे जिसमें लाइट, रंगीन चुनिया, जय महेश के मल्टी कलर नारे के बोर्ड लगाये जायेगे।

शोभा यात्रा प्रभारी उदयलाल समदानी ने बताया कि शोभा यात्रा राजेंद्र मार्ग स्कूल से प्रारंभ होगी जो मुख्य बाजारों से होते हुए पुनः राजेंद्र मार्ग स्कूल समाप्त होगी शोभायात्रा में पुरुष सफेद पोशाक में महिलाएं पीली साड़ी धारण करेंगे शोभा यात्रा के अंदर चार बेन्ड,8-घोड़े, हाथी शहनाई वादक, माइक टेंपो, 4-ढोल नगाड़े भगवान महेश की झांकियां व पानी के बचत करने की वाटर हार्वेस्टिंग की झांकी पार्षद केदार जागेटीया की ओर से विशेष रहेगी। स्वागत द्वार प्रभारी दिनेश राठी ने बताया की शोभायात्रा के स्वागत द्वार समिति द्वारा 101 स्वागत द्वार लगाए जाएंगे जो आज रात से ही लगना शुरू हो जाएंगे।

15 जून शनिवार को महा अभिषेक नगर माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा एवं मुख्य प्रभारी अर्चित मुंन्दडा व अंकित लखोटिया ने बताया कि भीलवाड़ा शहर में 16 स्थान पर भगवान शंकर का विभिन्न मंदिरों में महा अभिषेक किया जाएगा जिसमें मुख्य आयोजन गोपाल द्वारा मंदिर प्रात 5:30 होगा। सहसंयोजक सुरेश बिरला के जी राठी ने बताया कि श्री माहेश्वरी समाज श्री बड़ा मंदिर ट्रस्ट के बडा मंदिर में शांतिलाल ,सत्यनारायण, संजय व रीना डाड परिवार की ओर से चारभुजा नाथ के छप्पन भोग का आयोजन रहेगा प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 तक 56 भोग दर्शन एवं भजन सरिता का आयोजन होगा।

रामेश्वरम भवन हरनी महादेव रोड पर माहेश्वरी समाज का महासंगम होगा जिसमें 17 से 18 हजार स्वजनों का भगवान महेश का महा प्रसादी होगी। भोजन निर्माण समिति के कृष्ण गोपाल जागेटिया एवं कैलाश चंद्र जेथलिया ने बताया कि माहेश्वरी समाज के महेश नवमी के अवसर पर रामेश्वरम भवन में समाज जनों का महासंगम होगा जिसमें 17 से 18 हजार जनों कि महाप्रसादी बनाई जा रही है जिसमें ब्यावर से आए 80 हलवाई की टीम द्वारा महा प्रसादी तैयार करवाई जा रही है जिसमें लगभग 1000 कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में लगे हैं हलवाइयों के 45 भट्टीयां एवं महाप्रसादी में पीने के लिए एवं प्रसादी निर्माण में 2500 ठंडे पानी के केन की व्यवस्था की जाएगी।

महा प्रसादी परिवहन प्रभारी मनोहर लाल अजमेरा अरविंद राठी ने बताया महाप्रसादी वितरण एवं ग्रहण करने के लिए 22 काउंटर लगाए जाएंगे जिसमें महिला पुरुष के विभिन्न क्षेत्रीय सभाओं को जिम्मेदारियां दी गई है प्रत्येक काउंटर पर 20 से 25 क्षेत्रीय सभाओं के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे इसमें एक काउंटर पर 750 से साढे आठ सौ समाज जन प्रशादी ग्रहण कर सकेंगे।

# ट्रकों की टक्कर में चालक सहित दो घायल लगा लंबा जाम



स्मार्ट हलचल

**बेरा।** अजमेर भीलवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक गुजरात से खाली डिब्बे का कार्टून भरकर रवाना हुआ जो बेरा चौराहे के समिप भारत पेट्रोल पंप के पास तकनीकी खराबी के कारण सड़क के बीच ही खड़ा हो गया जिसको साइड में नहीं हटाने के कारण शुक्रवार सुबह 3:00 बजे पीछे से आए ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे खाली डिब्बे के कार्टून बिखर गए वही इस दौरान तीसरे वाहन ने फिर एक ट्रेलर को टक्कर मार दी जिससे टेलर का संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया ट्रेलर में पत्थर भरे हुए थे । तीनों वाहनों में इतनी जबरदस्त भिड़ंत थी कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए एक चालक ने बताया कि भिड़ंत में ड्राइवर व साथी घायल हो गए सूचना पर हाईवे एंबुलेंस एवं नानकपुरा चौकी प्रभारी हंसराज गुर्जर मौके पर पहुंचे घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया हाईवे के बीच ट्रकों को हटवा कर हाईवे सुचारू करवाया।

# फार्म पॉण्ड में डूबने से दो की मौत

स्मार्ट हलचल

मेड़ता रोड के निकटवर्ती गोटन थाना क्षेत्र के नोखा चांदावता गांव में गुरुवार को खेत में बने फार्म पॉण्ड में नहाते वक्त एक 20 साल के युवक और एक 13 साल के किशोर की डूबने से मौत हो गई। गोटन थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवा कर दोनों शवों को परिजनों को सौंप दिया। यह हादसा नोखा चांदावता गांव सरहद स्थित एक खेत में बने फॉर्म पॉण्ड में हुआ है। गोटन थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि नोखा चांदावता गांव का 20 साल का युवक वि' म सिंह पुत्र पप्पू सिंह और 13 साल का किशोर कार्तिक पुत्र



रामरतन जाट फार्म पॉण्ड में डूब गए, जिससे दोनों की मौत हो गई। जानकारी मिलने पर गोटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को गोटन के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए। दोपहर बाद दोनों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# भोजपुरा ग्राम में कुआं ढहने से मजदूर की मिट्टी में दबने से हुई मौत



स्मार्ट हलचल

नगरफोर्ट तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत फुलेता के भोजपुर गांव में शु' वार को कुएं की सुरंग भरने उतरे तीन श्रमिक कुए का मालबा ढहने से एक मजदूर कि मलबे में दबने से मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे श्रमिक को टोंक सहादत अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मौके पर पहुंचे नगरफोर्ट थाना अधिकारी दिलीप सहल ने बताया कि मृतक सुरेश सैनी पुत्र कल्याणमल सैनी उम्र 30 वर्ष निवासी सहादत नगर की कुए के मलबे में दबने से मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे श्रमिक पप्पू सैनी पुत्र कल्याण मल सैनी उम्र 33 वर्ष निवासी सहादत नगर जो कि मृतक का भाई था जिसे टोंक सआदत अस्पताल में भर्ती करवाया गया। तीसरा श्रमिक चेतन माली के पैरों में चोट आई है। करीब 10 दिनों से कुएं पर कर रहे थे कार्य भोजपुरा गांव में तीनों मजदूर करीब 10 दिनों से कुएं पर सुरंग ठीक करने का कार्य कर रहे थे अचानक सुरंग ढहने से तीनों श्रमिक मलबे में दब गए।जिनमें से एक श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। भोजपुरा गांव में कुए का मालवा ढहने की सूचना मिलने पर नगर फोर्ट पुलिस मौके पर पहुंची तुरंत क्रेन की व्यवस्था कर मलबे को हटाया गया करीब 2 घंटे के बाद तीनों मजदूरों को कुए से निकाल गया। मर्तक के तीन बच्चे थे। नगरफोर्ट पुलिस ने बताया कि मृतक मुकेश सैनी शादीशुदा था मृतक मेहनत मजदूरी कर अपनी रोजी-रोटी का जुगाड़ करता था।मृतक के तीन बच्चे थे। थाना अधिकारी ने बताया कि मृतक मुकेश सैनी को नगर फोर्ट अस्पताल लाकर पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सपुर्द कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों ने नगर थाने में रिपोर्ट पेश नहीं की हे। पुलिस ने मृतक के कुएं में दबने की जांच शुरू कर दी है।

# स्वैच्छिक रक्तदान में सरकारी ब्लड बैंक निजी क्षेत्र से कहीं पीछे

### - रक्तदान जागरुकता के लिए रक्तदाताओं का किया धन्यवाद- आरएचएल में रक्तदान जागरूकता पोस्टर का किया विमोचन

स्मार्ट हलचल | जयपुर

विश्व रक्तदाता दिवस पर शु'क्रवार को प्रदेश के पहले निजी और स्टेंड अलोन स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की ओर से राजस्थान हॉस्पिटल में अस्पताल के चेयरमेंन और अन्य चिकित्सकों ने रक्तदाता जागरुकता एवं धन्यवाद पोस्टर का विमोचन किया।इस अवसर पर बताया गया कि प्रदेश में स्वैच्छिक रक्तदान के आकडों पर गौर करें तो सरकारी ब्लड बैंक निजी क्षेत्र की ब्लड बैंकों से कहीं पीछे हैं।

आरएचएल के चेयरमेंन डॉ. एस एस अग्रवाल ने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस की इस साल की थीम 'दान का जश्न मनाने के 20 साल : रक्तदाताओं का धन्यवाद' के साथ यह दिन मनाया गया। उन्होंने बताया कि नोबेल पुरस्कार विजेता कार्ल लैंडस्टीनर, जिन्होंने •ह रक्त समूह प्रणाली की खोज की थी, के



जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है।

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि वर्ल्ड ब्लड डोनर डे रक्तदाताओं को आपस में जोड़ने का काम करता है। इस अवसर पर रक्तदान के महत्व का प्रचार प्रसार होता है। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान करने से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी। कार्य' म में डॉ. के के मिश्रा, डॉ. दिनेश माथुर, आनन्द अग्रवाल, डॉ. सर्वेश अग्रवाल, डॉ. बुद्धादित्य च' वर्ती, डॉ. अजय सिंह, डॉ. डी के जैन, डॉ. डी सी खण्डेलवाल, डॉ. वि' म बोहरा और डॉ. एस एस सोनी मौजूद रहे।

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि पिछले एक साल में प्रदेश में कुल लगभग 7 लाख 95 हजार 990 यूनिट रक्त यूनिट, रक्तदान से प्राप्त हुई है। इसमें कुल स्वैच्छिक रक्तदान का प्रतिशत 65.83 रहा। इसका 25.40 फीसदी सरकारी ब्लड बैंकों में तथा 74.59 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान निजी ब्लड बैंकों में हुआ। इसी प्रकार जयपुर में कुल 2 लाख 37 हजार यूनिट रक्तदान हुआ। इसमें से 13.43 प्रतिशत सरकारी क्षेत्र की ब्लड बैंकों में तथा 86.56 प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान निजी ब्लड बैंकों में हुआ है। ब्लड बैंकों के आकडों पर गौर करें तो प्रदेश में कुल 224 ब्लड बैंक हैं। इनमें 59 सरकारी और 165 निजी ब्लड बैंक हैं। जयपुर में कुल 46 ब्लड बैंक हैं इनमें से 9 सरकारी तथा 37 निजी क्षेत्र में हैं। जबकि इन ब्लड बैंकों के द्वारा प्रदेश में पिछले एक साल में 6 हजार 455 रक्तदान शिवर आयोजित किए गए। इसके द्वारा एकत्र रक्त की करीब 10 लाख 69 हजार 175 यूनिट जरूरतमंद मरीजों को दी गई। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक में पिछले वर्षों में रक्तदान करने वाले करीब 50 हजार रक्तदाताओं को हमने आज के दिन वीडियो संदेश के माध्यम से धन्यवाद प्रेषित किया है।

# रक्तदान शिविर का आयोजन, 70 यूनिट रक्त हुआ संग्रहण

## जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने किया रक्तदान शिविर का अवलोकन

स्मार्ट हलचल | बूंदी

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की पहल पर इंडियन रेड' ॉस सोसाइटी की ओर से शु' वार को रेड ' ॉस भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 70 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

जिला कलक्टर अक्षय गोदारा एवं पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने रक्तदान शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदान कर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए उनके योगदान के लिए उनकी सराहना की। साथ ही रक्तदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में आमजन और सभी राजकीय कर्मियों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया, जो एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्तियों को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी मानव कल्याण के लिए पुनीत कार्यों बढचढकर सहभागिता निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में हुए रक्तदान से जिला चिकित्सालय में रक्तदान उपलब्धता होगी और गंभीर प्रकृति रोगियों का जीवन सुरक्षित हो पाएगा।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रक्तदान के लिए



युवाओं का उत्साह सराहनीय है। आगे भी इस तरह के आयोजन में आमजन रेड़'ास सोसायटी की ओर करवाया जा रहा परामार्थ का यह कार्य बेहतरीन है। उन्होंने कहा कि रक्तदान ही महादान है। पूर्व राजपरिवार सदस्य वंश वर्धन सिंह ने भी रक्तदान कर्ताओं का उत्साह बढाया।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में जिला कलेक्टर की अपील पर राजकीय विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़चढ़कर सहभागिता निभाई। शिविर में जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. के कार्मिकों, पुलिस विभाग, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, चिकित्सा विभाग, के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

शिविर में 70 यूनिट रक्तदान संग्रहण

इंडियन रेड ' ॉस सोसाइटी रक्तदान शिविर संयोजक पुरुषोत्तम पारीक ने बताया की विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 70 लोगों ने रक्तदान कर पुण्य कमाया।

# वैर प्रताप नहर गंदगी का आलम खाई में फंसी गाय को निकाला



स्मार्ट हलचल

वैर कस्बा वैर के प्रताप नहर में पेड़ पौधे खाई आधी गंदगी उसे नहर में पनप रही है जिसमें इतनी गंदगी भरी हुई है कि उसके अंदर कोई भी पशु जानवर प्रवेश करता है तो वह जमीन के अंदर ही खाई में धश जाता है।उसको निकालने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ऐसा ही कल प्रताप नहर के अंदर एक गाय फंस गई। गाय -नहर के अंदर बुरी तरह खाई के अंदर गंभीर हालत में थी दमकल अध्यक्ष सचिन सैनी एवं योगेश सैनी नहर के पीछे से गुजर रहे थे। तो उन्होंने देखा कि एक गाय बड़ी बुरी तरह नहर के अंदर फंसी हुई है बड़ी मेहनत से कुछ आसपास के मित्रों को मैंने बुलाया और गाय को बड़े सही तरीके से बड़ी मुश्किल से उसे बाहर निकाला मैंने दमकल हेल्पलाइन नंबर फोन किया जो इस समय यहां हेल्पलाइन नंबर पर 1962 फोन करके टीम आई हुई है और डॉक्टरों द्वारा गाय का उपचार किया गया तब जाकर के गाय की जान बची जनता के सहयोग से उसे बड़ी मेहनत करने के बाद बाहर निकल गया। सचिन सैनी ने बताया कि गाय हमारी माता है गए हमें दूध देती है इसलिए गाय को हमें दुख नहीं देना चाहिए उसे ऐसे स्थान पर नहीं छोड़ना चाहिए जो हमें दुखदाई हो गाय एक गौ माता है।प्रताप दुर्ग नहर पर किसी प्रशासन अधिकारी का ध्यान नहीं है ना ही किसी प्रकार का कोई कार्य किया गया है सब कागजों में सिमटी रखी हुई है । पुरातत्व विभाग का भी कोई ध्यान नहीं है।

# लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति का अनावरण किया



स्मार्ट हलचल | सुनेल

शुक्रवार को कड़ोदिया में सीनियर स्कूल के सामने पार्क में लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति का अनावरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच आशा कुमारी पाटीदार सरपंच प्रतिनिधि प्रेम पाटीदार और समस्त परिवारजन द्वारा अनावरण किया गया इससे पहले पाटीदार समाज के अध्यक्ष तेजराम पाटीदार अध्यापक और उनकी धर्मप ी के द्वारा मुख्य अतिथि सरपंच को पुष्प बैठकर शाल उड़ाकर सरपंच प्रतिनिधि प्रेम पाटीदार को सपा पहनकर माला पहनकर सरदार पटेल का स्मृति चिन्ह बैठकर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद सरदार पटेल की मूर्ति का विधि विधान से पूजा कर मूर्ति का अनावरण किया गया।

# कोटा को पर्यटक नगरी में स्थापित करने की मुहिम, पर्यटन सर्किट में जोड़ने के प्रयास होंगे-अशोक माहेश्वरी

स्मार्ट हलचल | कोटा

होटल फेडरेशन आफ राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की 16 जून रविवार को कोटा में आयोजित बैठक की तैयारियो लेकर आज हाडोती क्षेत्र के होटल रिसोर्ट पर्यटन से जुड़े व्यवसाईयों व्यापार उद्योग जगत के प्रतिनिधियो की एक बैठक माहेश्वरी रिसोर्ट बूंदी रोड पर संपन्न हुई ।

होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्य' म संयोजक अशोक माहेश्वरी ने बताया कि 16 जुन 2024 रविवार को प्रातः 11 बजे होटल फेडरेशन ऑफ़ राज-स्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक कोटा में छावनी स्थित होटल माहेश्वरी जलसा में आयोजित की जा रही है जिसमें होटल फेडरेशन ऑफ़राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह सचिव शैलेश प्रधान उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग कोषाध्यक्ष संदीप जोगिया संयुक्त सचिव अंशुल सरावगी सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य

जो राज्य के विभिन्न शहरों जयपुर जोधपुर अजमेर उदयपुर बीकानेर पुष्कर सहित अन्य शहरो से इस कार्यकारिणी सभा मे भाग लेने के लिए कोटा आ रहे हैं । उन्होंने बताया कि 16 तारीख की बैठक की तैयारी को लेकर ही आज यह बैठक बुलाई गई है।

बैठक में पर्यटन विभाग कोटा जोन के डिप्टी डायरेक्टर विकास पांडे हाडोती टूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष रविंद्र सिंह तोमर उपाध्यक्ष नीरज भटनागर सचिव अलौकिक जैन सहित कोटा सम्भाग के होटल रिसोर्ट से जुड़े 50 से अधिक संचालक दी एस एस एस आई एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी सचिव अनुज माहेश्वरी पूर्व अध्यक्ष अमित सिंघल पवन लालपुरिया विपिन सूद कोटा व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष अनिल मुन्दडा कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार जैन हाडोती कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष राजेश गुप्ता टूर एंड ट्रेवल्स ग्रुप के संदीप कोठारी सहित कई व्यापारी उद्यमी मौजूद थे ।

बैठक में पर्यटक विभाग कोटा जोन के डिप्टी डायरेक्टर विकास पांडे ने कोटा में पर्यटन की भरपूर संभावनाएं



बताते हुए कहा कि कोटा के सभी वर्गो द्वारा प्रयास किए जाएं तो कोटा को पर्यटन की दृष्टि से देश के मानचित्र पर प्रमुख नगरी के रूप में स्थापित किया जा सकता है उन्होंने राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिए जाने से क्षेत्र में निवेशक और विकास में दी जाने वाली छुटो के प्रावधानों के बारे में संपूर्ण जानकारी प्रदान की उन्होंने कहा कि कोटा पर्यटन विभाग देश भर से आने वाले पर्यटकों को संपूर्ण जानकारी देने के लिए इनके भ्रमण एवं गाइड के लिए भरपूर प्रयास कर रहा है साथ ही पर्यटन स्थलों को किस तरह से और अधिक आकर्षित बनाया जाए क्या-क्या सुविधा उपलब्ध कराई जाए उसके लिए भी अन्य विभागों के साथ सामंजस्य स्थापित कर रहा है उन्होंने कहा पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन नीति के तहत बिजली के बिलों में 25| की छूट एवं भूमि रूपांतरण पर कोई नई चार्ज नहीं लिया जाता है लेकिन जानकारी के अभाव में लोग इसका फायदा नहीं उठा पा रहे हैं इसके लिए होटल एसोसिएशन स्तर पर प्रयास होने चाहिए ।

हाडोती टूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष प्रेम सिंह तोमर उपाध्यक्ष नीरज भटनागर सचिन अलौकिक जैन ने बताया कि पर्यटकों के लिए कोटा में हेरिटेज होटल की स्थापना की आवश्यकता है जहां पर आने वाले पर्यटकों को गाइड से लेकर ट्रांसपोर्ट एवं पर्यटन स्थल की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सके ।

होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्य' म संयोजक अशोक माहेश्वरी ने बताया कि कोटा के होटल एवं रिसोर्ट व्यवसाईयो की ओर से होटल फेडरेशन आफ राजस्थान की कार्यकारिणी की बैठक कोटा में करने का प्रस्ताव मेरे द्वारा रखा गया था जिसे स्वीकार करते हुए कोटा में 16 जून रविवार को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जा रही है उन्होंने बताया की बैठक का मुख्य उद्देश्य हाडोती क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा देना है उन्होंने कहा कि अभी तक कोटा को पर्यटन सर्किट से बाहर रखा हुआ है आज भी पर्यटन विभाग द्वारा जो पर्यटन फेयर का आयोजन किया जाता है जिसमें हाडोती का कहीं भी नाम नहीं है जबकि अन्य पर्यटक स्थलों पर इस तरह के फेयर आयोजित होते रहते हैं जहां पर देश भर के टूर ऑपरेटर को बुलाकर उनके माध्यम से उन क्षेत्रों के पर्यटन स्थलों का प्रमोट करने का प्रयास किया जाता है हमारा इस दिशा में प्रयास है कि हम हाडोती को भी पर्यटक शहर बनाने के लिए पर्यटक फेयर कोटा में आयोजित करने के प्रयास करें । कोटा शहर पूरे देश की कनेक्टिविटी से जुड़ा हुआ है और बेहतरीन पर्यटक स्थलों की यहां पर भरमार है हमारा प्रयास होगा कि प्रदेश के अन्य पर्यटक स्थलों के साथ- साथ हाडोती क्षेत्र को भी पर्यटन सर्किट में शामिल किया जाए साथ ही पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने वालों को दी जा रही छुटो को भी प्रचार प्रसार के माध्यम से जानकारी उपलब्ध करवाई जाए जिससे इस क्षेत्र में लोग ओर निवेश कर सके और हेरिटेज होटल की स्थापना हो सके हमारे द्वारा राज्य सरकार से भी मांग की जाएगी की होटल रिसोर्ट व्यवसाय को उद्योग मान लिया गया है तो रीको द्वारा रीको औद्योगिक क्षेत्र में होटल व्यवसाय की इजाजत क्यों नहीं दी जा रही हैसाथ ही प्रदूषण पर्यावरण की एन ओ सी एवं भुमि रूपान्तर की प्र' िया में भी सरलीकरण किया जाना चाहिए टूरिज्म के लिए वन विंडो सिस्टम की स्थापना हो एवं राजस्थान टूरिज्म बोर्ड का गठन किया जाए एवं कोटा में पर्यटन मुख्यालय की स्थापना हो इन सब बातों को लेकर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में चिंतन किया जाएगा जिससे हाडोती में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिल सके होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान की कार्यकारिणी से जुड़ने के बाद राजस्थान के अन्य संभागों में भी होने वाली बैठकों में कोटा की भागीदारी होने से अपनी बात रखने का हमें मौका मिलेगा अतः हमारा प्रयास होगा कि पर्यटन के क्षेत्र में कोटा को राज्य मे अपनी पहचान बनाए जाने का अवसर मिलेगा माहेश्वरी ने कहा कि बैठक की तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है बैठक को लेकर हाडोती क्षेत्र के सभी होटल रिसोर्ट व्यवसाइयों से चिंतन कर इसे अंतिम रूप प्रदान किया गया है ।इस बैठक में झालावाड़ बारा बूंदी रामगंज मंडी क्षेत्र के होटल एवं रिसॉर्ट व्यवसाई भी भाग ले रहे हैं ।

आज की बैठक में कोटा के व्यापारिक औद्योगिक संगठनों ने भी शामिल होकर कोटा को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने की बात कही यह आर्थिक रूप से शहर को मजबूती प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगा सभी ने एकमत होकर कहा कि कोटा पर्यटन की दृष्टि से परिपूर्ण नगरी है और पर्यटक नगरी के रूप में अपना स्थान रखता है इसके लिए सभी को संयुक्त प्रयास किए जाएं तो हम सब कोटा सहित हाडोती को पर्यटन नगरी रूप में स्थापित कर देश के मानचित्र पर लाने में सफल होंगे

बैठक में होटल एवं रिसोर्ट व्यवसाई संदीप पहाड़िया नेवालाल गुर्जर राजकुमार माहेश्वरी मुरली नुवाल राजेंद्र श्रृंगी जवाहर बंसल सचिन माहेश्वरी इन्दरजीत हेमन्त जैन सन्दीप रुगठा अमन सुवालका सन्दीप कोठारी व्यापारिक संगठनो के विनोद गोतम मनीष बंसल अशोक लड्ढा भुवनेश लाहोटी राजीव मित्तल अक्षय मालवीय पंकज जयसवाल सुनील जायसवाल सहित पदाधिकारी शामिल थे।

# बड़ी झील की महासीर मछली विश्वभर में अनूठी, इसका संरक्षण हमारा दायित्व - कलक्टर

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने कहा है कि बड़ी झील में पाई जाने वाली महासीर मछली विश्वभर में अनूठी है। बड़ी झील महासीर कन्जर्वेशन रिजर्व विश्व में महासीर के लिए समर्पित दूसरा एवं भारत का एकमात्र संरक्षित क्षेत्र है। इससे पहले पाकिस्तान में पूंछ रिवर नेशनल महासीर पार्क घोषित किया गया है। ऐसे में इस महासीर मछली का संरक्षण करना हमारा दायित्व है और इसे हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा करेंगे।

जिला कलक्टर पोसवाल शुक्रवार को अरण्य भवन, उदयपुर में महासीर कन्जर्वेशन रिजर्व, बड़ी की मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके कलक्टर ने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा महासीर संरक्षण के निर्देश जारी करने के साथ ही राज्य सरकार द्वारा बड़ी झील के आसपास के क्षेत्र को महासीर मछली के संरक्षण के लिए कन्जर्वेशन रिजर्व घोषित करने से इस प्रजाति की मछलियों का संरक्षण हो पाएगा, जो कि हमारे लिए गौरव का भी विषय है। उन्होंने माननीय न्यायालय के आदेश की सख्ती से अनुपालना करने के लिए भी सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए। बैठक दौरान बड़ी झील और आसपास के क्षेत्र को महासीर संरक्षण विषय पर विकसित करने तथा इस संबंध में आईईसी तैयार करने के भी निर्देश दिए।

**बड़ी में मत्स्याखेट पर होगी पाबंदी : कलक्टर**

इस मौके पर कलक्टर पोसवाल ने कहा कि बड़ी में महासीर के संरक्षण के उद्देश्य से मस्त्स्याखेट पर पाबंदी रहेगी और मत्स्यपालन का कोई टेंडर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रतिबंध की सख्ती से अनुपालना करवाई जाए, इसके लिए वन विभाग द्वारा नाइट पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जावें और मत्स्याखेट करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जावें।

**कार्य योजना अनुसार कार्यवाही की जावें : सीसीएफ**

बैठक दौरान मुख्य वन संरक्षक एसआर वेंकटेश्वर मूर्थी ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश की अक्षरशः



अनुपालना की जाएगी और कार्य योजना तैयार कर महासीर का संरक्षण किया जाएगा। उन्होंने महासीर मछली के अपस्ट्रीम प्रवाह क्षेत्र, खाद्य श्रृंखला, प्रजनन, झील में होने वाले प्रदूषण, हैबीटाट संरक्षण आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की और उप वन संरक्षक वन्यजीव उदयपुर को इसके संरक्षण की कार्य योजना अनुरूप कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य योजना में मुख्य रूप से बड़ी झील में प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की रोकथाम, महासीर मछली के प्रवाह क्षेत्र में आने वाले अवरोधां का निपटान, झील मे पर्यटन गतिविधियों के विनियमन को सम्मिलित करने और समस्त कार्यों में संबंधित विभागों का सहयोग लेने की बात कही।

**डीएनए की जांच में भी शुद्ध साबित हुई महासीर : भटनागर**

बैठक दौरान रिटायर्ड सीसीएफ राहुल भटनागर ने कहा कि पूर्व में बड़ी तालाब स्थित महासीर के डीएनए की भी पुणे से जांच करवाई गई जिसमें पाया गया कि यह महासीर की शुद्ध प्रजाति है और यह गंगा में मिलने वाली महासीर जैसी ही है। इस दौरान उन्होंने महासीर के संरक्षण की दृष्टि से मत्स्याखेट पर पाबंदी को सही बताया।

**प्रजनन के लिए भी हो रहे प्रयास : चित्तौड़ा**

उप वन संरक्षक (वन्य जीव) अजय चित्तौड़ा ने बैठक में महासीर संरक्षण विषय पर की जा रही कार्यवाही पर जानकारी दी और कहा कि विभाग द्वारा महासीर के प्रजनन के लिए भी प्रयास किए गए है और वर्तमान में इसके लिए तैयार विशेष टेंक में मौजूद महासीर को जिले की अन्य झीलों में छोड़ा जाएगा।

**इन्होंने दिए महत्वपूर्ण सुझाव :**

बैठक दौरान पर्यावरणप्रेमियों और झील संरक्षण से जुड़े सदस्यों डॉ. तेज राजदान, अनिल मेहता, शैलेन्द्र तिवारी, मत्स्य विशेषज्ञ इस्माइल अली दुर्गा, डॉ. अतुल जैन, बड़ी सरपंच मदन पंडित आदि ने भी महासीर संरक्षण व प्रजनन विषय पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में अवगत कराया गया कि राज्य सरकार द्वारा दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को बड़ी झील के इर्द-गिर्द के 206.350 हैक्टेयर क्षेत्र को महासीर कन्जर्वेशन रिजर्व के रूप में घोषित किया गया है। इस संबंध में राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा भी महासीर के संरक्षण हेतु 2017 में आदेश जारी किए थे। इस मौके पर वन विभाग के गणेश गोठवाल, सीसारमा सरपंच सहित विभिन्न विभागीय प्रतिनिधि मौजूद थे।

**स्वच्छता की प्रतीक है महासीर :**

महासीर को 'टाईगर फीश' के नाम से भी जाना जाता है। यह एक शिकारी मछली है जो जलाशय की शुद्धता का प्रतीक है। यह केवल उन्ही जल क्षेत्र में पाई जाती है, जो प्रदूषण रहीत एवं शुद्ध हो। जिस प्रकार टाईगर की उपस्थिति अच्छे जंगल की गुणवत्ता का सूचक है, उसी प्रकार महासीर की उपस्थिति जलाशय की स्वच्छता का प्रतीक है। विशेषज्ञों के अनुसार यह प्रजाति आईयूसीएन की रेड डाटा बुक में शामिल हो चुकी है एवं विलुप्ति के कगार पर है। उदयपुर जिले में महासीर मछली मुख्यतया बड़ी झील में ही उपलब्ध है। पूर्व में यह मछली यहां की अधिकांश झीलों में पाई जाती थी।

# ओवर लोड ट्रेक्टर ट्राली मौत बनकर दौड़ रहे सड़कों पर

## जिम्मेदारों की आंखों पर बंधी हुई पट्टी



स्मार्ट हलचल | (खैरथल)

कस्बे से जिला बने खैरथल में जिले स्तर के लेवल को लेकर अधिकारी कर्मचारी बिलकुल बेहोशी की हालत में हैं। एक और जहां सड़कों पर तेज रफ्तार में चलने वाले वाहनों के साथ ही कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर निकलने वाले ओवर लोड वाहन लोगों की जान के कब दुश्मन बन जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। खास तौर परओवर लोड ट्रेक्टर ट्राली सड़कों पर लोगों की मौत बनकर दौड़ रही हैं। वहीं जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। जब कोई हादसा होगा तो दो चार दिन इस तरह के ओवर लोड वाहनों पर नाम मात्र की कार्रवाई या धरपकड़ अभियान चलाकर खानापूर्ति कर फिर आराम से अगले हादसे के होने तक सो जायेंगे। आजकल ये ओवर लोड वाहन कस्बे के एकमात्र अंडर ब्रिज से होकर भी निकल रहे हैं जो आमजन के लिए खतरनाक साबित हो सकता है और इससे छोटे वाहन चालक सकते में हैं।

# जिला कलक्टर ने देखा सुभाष नगर व अजमेर डेयरी के आरयूबी का कार्य



स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** सुभाष नगर तथा अजमेर डेयरी पर बन रहे रेल्वे अण्डर ब्रिज का कार्य जिला कलक्टर डॉ भारती दीक्षित एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने आरएसआरडीसी एवं रेल्वे के अधिकारियों के साथ देखा गया । आरएसआरडीसी के एच.एल.अग्रवाल ने कार्य की प्रगति से अवगत कराया।

जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने समपार संख्या एक सुभाष नगर तथा समपार संख्या 2 अजमेर डेयरी पर रेल्वे अण्डर ब्रिज के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। प्रि कॉस्ट ब्लॉक्स रखने के कार्य का भी जायजा लिया। कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा था। आरयूबी निर्माण निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के लिए कहा। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग में सुगम यातायाता के लिए निर्देश प्रदान किए। दोनों समपारों के दोनों सिरों को जोड़ने में निर्धारित मानदण्डों का पालन हो। डीएफसीसी की रेल्वे लाईन के नीचे पूर्व में डाले गए ब्लाक्स के साथ मजबूती से तथा ड्राइंग के अनुसार जोड़े।

दोनों समपार पर रेल्वे पटरियां हटाने के पश्चात कार्य हो रहा था। साथ ही विद्युत लाईनें भी हटाई गई थी। कार्य पूर्ण होने के पश्चात तत्काल पटरियों को जोड़ा जाए। विद्युत लाईन को इन्स्टाल करके चार्ज करें। एप्रोच रोड़ को भी सही करने के लिए कहा। समपार संख्या एक के पास की अवाप्तशुदा भूमि पर संचालित नर्सरी को हटवाने की कार्यवाही की जाए। नारीशाला की तरफ वाली भुजा पर ब्रिज की जद में आने वाली निर्माण संरचानाओं का सर्वे करवाकर नियमानुसार हटाने की प्रक्रिया की जाए।

# बिजली विभाग के एस-ई ऑफिस के सामने धरने पर बैठे विधायक गणेश घोघरा

## बिजली कटौती को लेकर जताया आक्रोश, मिला लिखित आश्वासन

स्मार्ट हलचल

**डूंगरपुर।** कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा शुक्रवार को अपने समर्थकों के साथ बिजली विभाग के एस-ई ऑफिस के सामने धरने पर बैठ गए। उन्होंने सरकार पर बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाएं देने में नाकाम रहने के आरोप लगाए। अघोषित बिजली कटौती और बढ़े बिलों पर नाराजगी जताई। करीब घंटेभर प्रदर्शन के बाद एस-ई ने उनकी मांगों पर लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद विधायक और उनके समर्थक उठे। विधायक गणेश घोघरा आज दोपहर अपने समर्थकों के साथ जिला अस्पताल के पास स्थित बिजली निगम के एसई ऑफिस पहुंचे। विधायक और उनके समर्थक



नारेबाजी करते हुए गेट पर ही धरने पर बैठ गए। विधायक के धरने और नारेबाजी से बिजली निगम के कर्मचारी भी चौंक गए। विधायक गणेश घोघरा ने अवैध बिजली कटौती और बिलो में बढ़ोतरी के खिलाफ आक्रोश जताया। विधायक ने कहा की सरकार बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर पूरी तरह से फेल हैं। गांवों में मुश्किल से लोगों को एक घंटा बिजली मिल रही है। इससे गर्मी में लोग परेशान है। बिजली निगम अपनी मनमर्जी से बिजली काट रही है और सरकार कुंभकरण की नींद सोई है। सरकार पूरी तरह से फेल है। ऐसे में मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए साथ ही गांवों में लोग पानी की समस्या से भी जूझ रहे है। स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से बिगड़ गई है। विधायक के प्रदर्शन को देखते हुए बिजली निगम के अधिकारी उनसे बातचीत करने और समाधान का आश्वासन देते रहे, लेकिन विधायक मांगो को लेकर लिखित आश्वासन की मांग करने लगे। जिस पर बिजली निगम के एस-ई ने उनकी मांगों पर लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद विधायक और उनके समर्थक धरने से उठे।

# स्काउट गाइड कौशल विकास शिविर में साड़ी बांधो प्रतियोगिता का आयोजन



स्मार्ट हलचल | पाटन

पीएम श्री जमुना देवी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेतड़ी मोड़ नीमकाथाना में चल रहे कौशल विकास शिविर में छात्राओं ने साड़ी बांधो प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ चढ़कर भाग लिया। समाज में महिलाओं की भी विशेष भूमिका होती है। और ऐसे ही महिलाओं की भूमिका में छात्राओं ने भी साड़ी बांधो प्रतियोगिता में भाग लेकर भारतीय संस्कृति को साकार किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक कमेटी के द्वारा निष्पक्ष परिणाम घोषित किया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमला मोदी महिला महाविद्यालय नीमकाथाना की प्राचार्या डॉ मंजू वर्मा रही। कौशल विकास शिविर में हर एक्टिविटी को जाकर देखा और सभी कि सराहना की ।बताया कि विद्यार्थी जीवन में हर एक्टिविटी में भाग लेना जरूरी है। क्योंकि एक्टिविटी से विद्यार्थी जीवन तनाव मुक्त होकर जीने का मार्ग है। प्रतियोगिता में प्रथम अनीता, द्वितीय-कोमल सिंघल, खुशी जांगिड़ ,सविता अग्रवाल ,सीमा सैनी, सलोनी टेलर, तृतीय दीपिका कुमावत रही। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ नीमकाथाना के सचिव दिलीप कुमार तिवाड़ी ने बताया कि 23 जून तक चलने वाले कौशल विकास शिविर में विद्यार्थियों ने बहुत सीखा और 23 जून को समापन कार्यक्रम पर विशाल प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समस्त अभिभावक आमंत्रित हैं। कौशल विकास शिविर कैंप के शिविराधिपति शेर सिंह यादव ने सभी बच्चों कि कला को गहनता से जाना, परखा और बताया कि सभी विद्यार्थियों के हुनर बहुत ही सराहनीय है और स्टाफ में राजेश बायला, कैलाश शर्मा, बाबू लाल किरोड़ीवाल, चित्रकार सुरेश यादव, राजेंद्र यादव, सुमन देवी, अरुणा शर्मा, संजू कौसिक, सन्नी गोयल, शंकर लाल, अंजु सिंघल,पिंकी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में जीवन ज्योति फाउंडेशन के तत्त्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

स्मार्ट हलचल

**हिण्डौन सिटी।** रक्तदान कर मरीजों की जान बचाने वाली संस्था जीवन ज्योति फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी मदन मोहन भास्कर ने बताया कि सूरौठ के गाँव खेडी हैवत में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में जीवन ज्योति फाउंडेशन द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

शिविर के मुख्य अतिथि हिण्डौन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र पाल सिंह, विशिष्ट अतिथि सूरौठ के थानाधिकारी सुमन कुमार चौधरी,रमेश सिंघल,मनोहर लाल गुप्ता,ओपी मंगल, नफीस अहमद,ओमप्रकाश आर्य,भूदेव सिंह डागुर, दलवीर चौधरी रहे। एएसपी सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि जीवन



ज्योति फाउंडेशन विगत कई वर्षो से मानवता का कार्य कर रही है। उन्होंने रक्तदान करने के कई फायदे बताते हुए स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करने के लिए मोटिवेट किया।

थानाधिकारी सुमन कुमार चौधरी ने कहा कि रक्तदान करने से कई बीमारियां नहीं होती है इसलिए युवाओं को अधिकाधिक रक्तदान करना चाहिए। संचालक ओमप्रकाश डागुर व नगेंद्र सोलंकी ने बताया कि शिविर में 67 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया जिसमें 5 महिलाओं ने व 62 पुरुषों ने रक्तदान किया इनमें से 10 रक्तदाता ऐसे थे जिन्होंने पहली बार रक्तदान करके मिशाल पेश की।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों और रक्तदाताओं का माला व साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। रक्तदाताओं को प्रसंशा पत्र देकर सम्मान किया गया। शिविर में ओमप्रकाश पीटीआई, हरीश, सत्यप्रकाश, विष्णु, राजवीर, दीपेश, संदीप, नागेंद्र, हरि मोहन सैनी आदि का विशेष योगदान रहा। टीम के संचालक ओमप्रकाश डागुर ने शिविर में पधारे अतिथियों, रक्तदाताओ और टीम के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बबलू शुक्ला, ओमप्रकाश गुप्ता, सुधा गुप्ता, राजू, देवा, नरेश, मदन मोहन भास्कर, नसीम, सुलेमान मण्डावरा, सफ़ी मोहम्मद, करण बेनीवाल,दीकेश एवं टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# बकरा ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** ईद उल अजहा के पर्व को लेकर मेड़ता रोड थाने में थाना अधिकारी उर्जा राम बिश्नोई की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान थाना अधिकारी ने कहा कि मेड़ता रोड कस्बा हमेशा से सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल रहा है इस विशाल को बरकरार रखते हुए यहां पर दोनों ही धर्म के पर्वों को सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाली 17 जून को मुस्लिम धर्म का बकरा ईद का पर्व आ रहा है जिसको कस्बे में भाईचारा और स्वाद के साथ मनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वैसे तो प्रशासन त्योहार के मौके पर चाक-चौबंद रहता ही है लेकिन फिर भी अगर किसी भी समाज सेवी संस्थाओं या अन्य किसी व्यक्ति को कहीं भी कोई अप्रिय घटना होती नजर आए तो तुरंत इसकी जानकारी थाने में दें। उन्होंने कहा कि जब हिंदू समाज का कोई पर्व आता है तो मुस्लिम समाज उसका दिल खोलकर स्वागत करता है इसी प्रकार मुसलमानों के सभी पर्व पर या उनके जुलूस पर हम लोगों को भी पुष्प वर्षा करते हुए उनके पर्वों का स्वागत करना चाहिए। आपको बताने की 17 जून को मुस्लिम समाज का बकरा ईद का पर्व आने वाला है जिसकी सामूहिक नमाज सुबह ईदगाह में होगी। नमाज के दौरान ईदगाह तथा आसपास के क्षेत्र में पुलिस की पुलिस की व्यवस्था भी रहेगी।

थाना अधिकारी ने मुस्लिम समाज के सभी लोगों से अपील की है कि वह ईद का पर्व उल्लास और शांति के साथ मनाएं। शांति समिति की बैठक के दौरान भाजपा नेता कैलाश लटियाल समाजसेवी रामनिवास लटियाल मेड़ता रोड उप सरपंच मनीष शर्मा सुरेश कुमार मूंदड़ा कमल किशोर शर्मा हाजी नथ्थू मोहम्मद वि' म सांगवा संजू कासिम गफूर मोहम्मद कुरैशी रामेश्वर लाल गहलोत रामनिवास जाजड़ा उम्मेद राम कैलाश चंद शर्मा मुकेश शर्मा तथा वीरेंद्र वैष्णव सहित समाजसेवी व सीएलजी के सदस्य मौजूद थे।

# चौधरी 15 जून को आएंगे संसदीय क्षेत्र अजमेर, ब्रह्मा जी के करेंगे दर्शन

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** मंत्री बनने के बाद पहली बार भागीरथ चौधरी संसदीय क्षेत्र अजमेर में आगमन पर वह पुष्कर के जगतपिता ब्रह्मा जी और सुरसुरा में वीर तेजाजी महाराज का पूजन और दर्शन का कार्य' म रखा गया है ।

मंत्री चौधरी शनिवार को दिल्ली से शाम पाँच बजे पुष्कर पहुँच कर पवित्र पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना के बाद ब्रह्मा जी



के दर्शन करेंगे ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद एवं भाजपा किसान मोर्चा, राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री बनने के बाद पहली बार अपने गृह निवास अजमेर संसदीय क्षेत्र आ रहे है । चौधरी 15 जून को सड़क मार्ग से दिल्ली से अजमेर के लिए रवाना होंगे। उनके केंद्रीय राज्यमंत्री बनने पर राजस्थान में प्रवेश के साथ ही जगह-जगह भव्य स्वागत होगा। नीमराना, बहरोड़, पावटा, कोटपुतली, शाहपुरा, मनोहरपुर, चंदवाजी बाइपास, 200 फीट बाइपास, जयपुर, भांकरोटा, बगरू, महला, मोहखमपुरा, दूदू, पडसौली, बांदरसिंदरी, पाटन, किशनगढ टोल प्लाजा, हरमाड़ा चौराहा किशनगढ के साथ विभिन्न स्थानों पर स्वागत समारोह होंगे।

# विद्युत की बार-बार ट्रिपिंग से आमजन परेशान

## भाजपा नेता कैलाश लटियाल ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** मेड़ता रोड कस्बे विद्युत की बार-बार ट्रिपिंग होने से ग्राम वासियों को गहरी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर भाजपा नेता कैलाश लटियाल के नेतृत्व में ग्राम वासियों द्वारा अधिशासी अभियंता रामजीवन जाखड़ तथा सहायक अभियंता मनोज बंसल वशिष्ठ अभियंता दिलीप फिड़ौदा को विज्ञापन सोपा गया है। ज्ञापन में लिखा गया है कि मेड़ता रोड सहित कृषि क्षेत्र में कृषि कनेक्शन अधिक होने के कारण सप्लाई बराबर नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण किसानों की फसले तो भीषण गर्मी से झुलस ही रही है साथ ही साथ कस्बे में रहने वाले लोगों को भी भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में लिखा है कि बार-बार होने वाली ट्रिपिंग से आमजन के घरेलू उत्पाद भी सही तरीके से कार्य नहीं कर पा रहे हैं। ज्ञापन में बताया गया है कि 132 केवी जीएसएस एस पर लगा हुआ ट्रांसफार्मर छोटा(20/25एमवीए) है जिसके कारण विद्युत की सप्लाई बराबर नहीं मिल पा रही है। उन्होंने मांग की है कि 132 जीएसएस पर 40/50 एवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाए जिससे कस्बे वासियों व कृषि एरिया को बराबर विद्युत सप्लाई मिलती रहे। ज्ञापन लेने के बाद अधिशासी अभियंता रामजीवन जाखड़ ने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही विद्युत समस्या का निस्तारण किया जाएगा। जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। इस दौरान भाजपा नेता कैलाश लटियाल,पूर्व मंडल सदस्य केसाराम खुडखुडिया, भूराराम मुंडेल तथा मदनलाल मुंडेल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# त्यौहार मेवाड़ की शान है, एक-दूसरे के सहयोग से शांतिपूर्वक मनाएं - जिला पुलिस अधीक्षक गोयल

## जिला परिषद सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित, आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था को लेकर हुई चर्चा

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

त्योहार मेवाड़ की शान है, एक दूसरे के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहारों को मनाएं, यह बात जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में आगामी त्योहारों के मद्देनजर आयोजित जिला शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से हर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे, प्राप्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए माकूल व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। आयोजनों से जुड़े लोग व्यवस्थाएं बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि शांति समिति के सदस्य आम जन और पुलिस के बीच में सेतु की तरह कार्य करते हैं ऐसे में शांति समिति के सदस्यों की जिले में शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के मद्देनजर सोशल मीडिया पर विशेष सावधान रहने की जरूरत है, कोई भी मैसेज सोशल मीडिया पर प्राप्त होता है तो बिना सत्यापन उसे फॉरवर्ड/शेयर आदि न करें। माहौल खराब करने वाली किसी भी गतिविधि के बारे में तत्काल पुलिस-प्रशासन को सूचित



करें। इस अवसर पर एडीएम सिटी राजीव द्विवेदी ने कहा कि शांतिपूर्वक त्योहार मनाना हमारी परंपरा रही है, सामूहिक प्रयासों के बगैर यह संभव नहीं है। इस अवसर पर उन्होंने समिति के सदस्यों से प्राप्त सुझावों के आधार पर उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि समिति के सदस्यों का स ि य सहयोग जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण है, शहर की व्यवस्था एवं कार्यक्रमों के संबंध में बहुमूल्य सुझाव मिले हैं जिन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पुलिस-प्रशासन के आलाधिकारी तथा विभिन्न समुदाय-समाज के प्रतिनिधि एवं जिला शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

**कुछ ऐसे मिले सुझाव :**

बैठक की शुरुआत में जिला पुलिस अधीक्षक गोयल ने समिति के सभी सदस्यों से परिचय लिया तथा एक-एक कर उनके सुझाव जाने। इस दौरान सदस्यों ने निर्जला एकादशी के दौरान उचित पार्किंग प्रबंधन, विभिन्न पर्यटक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, रथ यात्रा के दौरान प्रकाश व्यवस्था, सड़कों के लंबित पेचवर्क के कार्य पूरे करने की बात कही। जिले के झाड़ोल क्षेत्र से शांति समिति के सदस्य ने सोशल मीडिया पर असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। साथ ही त्योहारों के दौरान बेहतर यातायात व्यवस्था के भी सुझाव प्राप्त हुए, वही साफ-सफाई को लेकर भी सुझाव मिले। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न घाटों पर लाइफगार्ड नियुक्त करने तथा वीकेंड के अवसर पर अत्यधिक यातायात दबाव को नियंत्रित करने हेतु आवश्यक कदम उठाने संबंधित सुझाव प्राप्त हुए।

### सभापति ने ली वार्ड कर्मचारी और सफाई जमादारों की बैठक, दिए सख्त निर्देश

# सफाई कार्य में कोताही बरती तो बक्शा नहीं जायेगा - सभापति कलासुआ

स्मार्ट हलचल



**डूंगरपुर।** शहर की स्वच्छता में कोई भी कोताही बरती तो उस कर्मचारी को बक्शा नहीं जाएगा ,ये बात सभापति अमृत कलासुआ ने वार्ड कर्मचारियों और सफाई जमादारों की बैठक लेते हुए कही। शुक्रवार को नगरपरिषद के सभापति कक्ष में आयुक्त प्रभुलाल भाभोर , उपसभापति सुदर्शन जैन और लेखाधिकारी कुलदीप सिंह के साथ समस्त वार्ड कर्मचारियों और सफाई जमादारों की बैठक लेते हुए सभापति ने कहा कि जिसको काम नहीं करना है वह हमें बता देवे उनकी जगह हम अन्य व्यक्तियों को स्थान देंगे जिससे हमारे शहर की स्वच्छता पर असर न पड़े। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी अपने कार्य के प्रति लापरवाह है या तो वह स्वतः अपना स्थानांतरण करा लेवे अन्यथा हम उसके लिए कार्यवाही करे। सभापति ने ठेका कर्मचारियों से कि कहा कि जो कर्मचारी केवल समय व्यतीत करने कार्यालय में आ रहा है वह जल्द ही अपने लिए दूसरी नौकरी ढूंढ लेवे क्योकि परिषद में वही काम करेगा जो अपना कार्य ईमानदारी और समय पर पूर्ण करेगा।

**वार्डो में सफाई की जिम्मेदारी सफाई शाखा की -**

सभापति अमृत कलासुआ ने वार्डो के सफाई जमादारों की बैठक लेते हुए कि शहर के सम्पूर्ण वार्डो में सफाई की जिम्मेदारी केवल सफाई शाखा की है , अगर शहर में सफाई व्यवस्था बिगड़ती है तो उसके जिम्मेदार सफाई निरीक्षक और सफाई शाखा है। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई सफाई कर्मचारी अपने सफाई समय में वार्डो में अनुपस्थित पाया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सफाई जमादार और सफाई निरीक्षक की रहेगी। वार्डो में नियमित रूप से नालियों की सफाई हो , सफाई की प्रत्येक शिकायत का निवारण 24 घंटो के भीतर हो जाना चाहिए। सफाई निरीक्षक बहाना छोड़ देवे ,अगर शहर की सफाई व्यवस्था ख़राब होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सफाई कर्मचारी, जमादार और सफाई निरीक्षक की रहेगी।

**रोज वार्डो में जाए और रिपोर्ट देवे -**

सभापति ने शहर के समस्त 40 वार्डो के वार्ड कर्मचारियों की बैठक लेते हुए कहा कि सभी वार्ड कर्मचारी सुबह एवं शाम एक एक घंटा अपने दिए हुए वार्ड में जाएंगे और वार्ड में सफाई , अति' मण , निर्माण और वार्ड की अन्य समस्या की रिपोर्ट आयुक्त और मुझे देंगे। सभी वार्ड कर्मचारी अपने अपने वार्डो में प्रतिदिन जाए और कोई भी वार्ड कर्मचारी वार्ड में नहीं गया तो उसके स्थान पर नया कर्मचारी भर्ती कर दिया जाएगा। उन्होंने सख्ती के साथ कहा कि वार्ड कर्मचारी रोज वार्डो में जाकर सफाई के फोटो भेजेगा और अपने अपने वार्ड के सफाई कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित कर मुझे अथवा आयुक्त को सूचित करेगा।

# बानसूर में गुरुवार रात होटल पर हुई फायरिंग



स्मार्ट हलचल | बानसूर

क्षेत्र में बदमाशों के होंसले बुलन्द हैं। बैखोफ बदमाश पुलिस की नाक के नीचे आए दिन फायरिंग व चोरीं की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला कस्बें के हरसोरा चौक से सामने आया है जहां गुरुवार देर रात सफेद रंग की बोलेरो कैंपर गाड़ी में आए नकाबपोश बदमाशों ने गेट पर गाड़ी से टक्कर मारकर फायरिंग की घटना को अंजाम देकर मौक़े से फरार हो गए। फायरिंग की सूचना पर थाना प्रभारी अरुण सिंह पुलिस जाब्ते के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस फिलहाल आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाल कर बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। थाना प्रभारी अरुण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार रात को करीब 10 बजें फायरिंग की सूचना मिली। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि गुरुवार की शाम 6.30 बजे कुछ लोग होटल पर आए थे और खाने पीने की बात को लेकर आपसी कहासुनी हो गई। उसी बात को लेकर वें लोग रात 10 बजे वापस आए और गेट को गाड़ी से टक्कर मार कर हवाई फायरिंग कर मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गीता ज्ञान संस्थानम में पहुंचकर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद से लिया आशीर्वाद



स्मार्ट हलचल

**हरियाणा/हिसार।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह शुक्रवार को कुरुक्षेत्र स्थित सीएम कैंप कार्यालय व गीता ज्ञान संस्थानम में पहुंचे। यहां पहुंचने पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से शिष्टाचार भेंट की। गीता ज्ञान संस्थानम में पहुंचने पर उन्होंने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने दोनों जगहों पर आए कार्यकर्ताओं से बातचीत कर, उनका कुशलक्षेम भी पहुंचा तथा यहां पर जो लोग आए थे, उनके प्रार्थना पत्र लेते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि जो भी उनके कार्य है, वे प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि आमजन को अपने कार्यों को करवाने में सुगमता हो, इसके लिए समाधान शिविरों का आयोजन प्रत्येक जिले में किया जा रहा है। कार्य दिवस पर प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक जिला व ब्लॉक स्तर पर संबंधित अधिकारी लोगों की समस्या सुनकर उनका निवारण कर रहे है। जो भी कार्यों से संबंधित रिपोर्ट होती है, वह उपायुक्त के माध्यम से चंडीगढ़ मुख्यालय भी पहुंचाई जा रही है। मकसद लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना है। इस मौके पर उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरियां, कुरुक्षेत्र 48 कोस के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान, अनुसूचित घुमंतू जाति बोर्ड से जयसिंह पाल, पूर्व विधायक जिले राम शर्मा, जिप के पूर्व चेयरमैन गुरदयाल सुनहेड़ी, देवी दयाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बीजेएस सुखा मुक्त राजस्थान अभियान की उदयपुर में शुरुआत

### - फोर्स मोटर्स व भारतीय जैन संघटना के माध्यम से रकमपुरा तालाब का पुनर्जीवन एवं गहरीकरण कार्य शुरु

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



सामाजिक संस्था भारतीय जैन संघटना, उदयपुर द्वारा फोर्स मोटर्स के प्रायोजन में ढीकली ग्राम पंचायत के रकमपुरा तालाब के गहरीकरण का कार्य शुक्रवार को उदयपुर नगर विकास प्राधिकरण के आयुक्त राहुल जैन, जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ व भारतीय जैन संघटना के राष्ट्रीय महामंत्री राजकुमार फत्तावत के आतिथ्य में प्रारम्भ हुआ। इस अवसर राष्ट्रीय महामंत्री फत्तावत ने अपने वक्तव्य में कहां कि दिसम्बर 2022 में उदयपुर में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में भारत सरकार के साथ 100 जिलों में जल ' ांति मिशन के अन्तर्गत जल संवर्धन का एमओयू हुआ था। उसी श्रृंखला में 2023 में पूरे देश में 300 से अधिक तालाबों के गहरीकरण के कार्यों को पूरा किया गया व सत्र 2024 में यह कार्य अनवरत रूप से भारत के 6 राज्यों के 125 तालाबों के डिसिल्टिंग एवं गहरीकरण का कार्य चल रहा है। जिसमें राजस्थान, कनार्टक, छत्तीसगढ, तमिलनाडू, मध्यप्रदेश व गुजरात में प्रमुखता से यह कार्य चल रहा है। फोर्स लिमिटेड के चेयरमैन डॉ. अभय फिरोदिया ने 125 तालाबों के गहरीकरण का कार्य अपने प्रायोजकत्व में करने का निर्णय लिया है। इसी अन्तर्गत राजस्थान के विभिन्न जिलों में यह कार्य 65 स्थानों पर चल रहा है। आज 66 वें तालाब के रूप में ढीकली पंचायत के रकमपुरा तालाब का कार्य प्रारम्भ किया है।

फत्तावत ने ग्रामवासियों से आव्हान किया है कि दिनचर्या में जितना पानी का आप उपयोग करते है उसमें कुछ मात्रा की कमी करने का संकल्प लेकर पानी बचाने की ओर अग्रसर हो। तालाब और जल स्त्रोतों में से अतिरिक्त मिट्टी निकालकर उसकी भराव क्षमता बढ़ाई जाती है तथा उस अतिरिक्त मिट्टी से स्थानीय किसानों के खेतों को उपजाऊ बनाया जाता है। भराव क्षमता बढने से पेयजल और सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ती है। जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ ने जैन समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए बीजेएस को निवेदन किया कि बढ़चढ़ कर पानी जैसे पवित्र कार्य का करने के लिए कार्यकर्ता आगे आए। नगर विकास प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन ने बीजेएस द्वारा किए जा रहे इस कार्य की प्रंशसा करते हुए कहां कि मैं तो आप ही के बीच का एक कार्यकर्ता हूं जब आबू रोड में था तो भी इस कार्य का शुभारंभ हुआ और उदयपुर में भी मेरे द्वारा इस कार्य को प्रारम्भ किया है जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। तालाब के गहरीकरण कार्य बीजेएस कर रहा है और मैं प्रयास करूंगा कि इस तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो।

शब्दों द्वारा स्वागत बीजेएस उदयपुर के अध्यक्ष यशवंत कोठारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीजेएस कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंघवी द्वारा तथा आभार महामंत्री भूपेंद्र गजावत द्वारा दिया गया। नाकोड़ा नगर विकास समिति से राव गोपाल सिंह ने स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र तलेसरा, प्रदेश महामंत्री श्याम नागोरी, प्रदेश संगठन मंत्री अरुण मेहता, प्रदेश मंत्री अरविंद जारोली, प्रदेश वाटर सह संयोजक तुषार मेहता, उदयपुर जिला वाटर संयोजक कपिल इंटोदिया ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर विजय कोठारी, राजेश भादविया, राकेश पोरवाल, विमल जैन, जय पोरवाल, अनिल हाथी, ईश्वर जैन, जंबू दलावत, जितेंद्र मारू, सौरभ गोलछा, आयुष वक्तावत, मनन कोठारी, मितांश सुराणा, यश चंडालिया आदि उपस्थत थे।

# रोटरी क्लब ऑफउदयपुर मीरा के वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी का गठन




स्मार्ट हलचल | उदयपुर

अन्तर्राष्ट्रीय संस्था रोटरी क्लब ऑफउदयपुर के वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी का गठन किया गया। क्लब एडवाइजर पुष्पा कोठारी ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए प्रीति सोगानी अध्यक्ष, ब्रजराज राठौड वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कविता श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, नीमल दूबे सचिव, कुसुम मेहता कोषाध्यक्ष, उर्मिला जैन संयुक्त सचिव, स्नेहा शर्मा अतिरिक्त सचिव, रेखा सोनी, संगीता मूंदड़ा, मधु सरीन, प्रियंका कोठारी, विजयलक्ष्मी गलूंडिया, राजकुमारी गांधी, मीरा मजमूदार, सोनू जैन, डॉ. श्रद्धा गट्टानी, डॉ. स्वीटी छाबड़ा, आस्था मुर्डिया, रंजना चौधरी, सीमा गुप्ता, ज्योत्सना जैन, ऋचा रूपल व्यास, डॉ. विमला धाकड़, ज्याति कुमावत, देविका सिंघवी, मोनिता बक्षी, कुकु लखारी, गुनीत मोंगा, जस्मीत कौर, डॉ. बलदीप शर्मा, सुरभि जैन, मंजू सिंघवी, कविता बल्दवा, डॉ. हर्षा कुमावत, मंजूलता गेलड़ा, शीतल मलिक को वर्ष 2024-25 के लिए कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रीति सोगानी ने कहां कि नए कार्यकारिणी का नाम टीम मैजिक रखा गया है। जो दूरदर्शिता, पारदर्शिता, विश्वसनीयता के साथ शहर में सेवा कार्य करेगा। साथ ही सदस्याओं ने एक सूर में कहां कि रोटरी मीरा के टीम मैजिक का नाम नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का लक्ष्य रहेगा। सभी एक साथ मिलकर उदयपुर के लिए सेवा कार्यों में नया अध्याय लिखेंगे।

### इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन, दो शिविरों में कुल 68 यूनिट रक्तदान

# रक्तदान महादान है, हर व्यक्ति जीवन में रक्तदान जरूर करें-कलक्टर




स्मार्ट हलचल | उदयपुर

विश्व रक्तदान दिवस पर शुक्रवार 14 जून को इंडियन रेड ' ॉस सोसाइटी की उदयपुर शाखा के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने शिविर का शुभारंभ करते हुए रक्तदाताओं के मानव सेवा में इस योगदान के लिए बधाई दी। कलक्टर ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह एक पुनीत कार्य है हर व्यक्ति को जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करके आप किसी पीड़ित मानव को नया जीवन दे सकते है। उन्होंने शाखा की गतिविधियों एवं सेवा प्रकल्पों के तारीफकरते हुए राजस्थान में सेवा कार्यों में हमेशा अग्रणी होने पर बधाई दी।

अध्यक्ष डॉ. गजेंद्र भंसाली ने बताया कि सोसायटी की ओर से एसेंटिया लग्जरी रिसॉर्ट एंड स्पा., उमरडा, उदयपुर पर मनमोहन राज सिंघवी एवं अभय कुमार सिंघवी के सहयोग से रिसॉर्ट के जनरल मैनेजर जितेश पट्टा एवं एच.आर. विशाल सुखवाल के प्रयास से रिसॉर्ट कर्मचारियों द्वारा 26 यूनिट रक्तदान किया। विशेष सुश्री बिष्णु तमांग, विपिन कुमार एवं आनंद रावत द्वारा पहली बार रक्तदान पर मानद सचिव सुनील गांग ने उन्हें बधाई दी और कहा कि अगर आप वर्ष में 4 बार रक्तदान करते है तो आपकी अधिकतम 60 वर्ष की आयु तक 100 यूनिट रक्तदान से शतक बना सकते है। अध्यक्ष डॉ. गजेंद्र भंसाली ने प्रत्येक 3 माह में रक्तदान शिविर आयोजन का आग्रह किया जिस पर अभय सिंघवी द्वारा सहमति जताई गई।

दूसरे शिविर में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड मुख्य कार्यालय चिकित्सालय के कर्मचारियों द्वारा भी 32 यूनिट रक्तदान किया गया। इस प्रकार दोनो शिविर से कुल 68 यूनिट रक्तदान हुआ। इस सेवा प्रकल्प में रविन्द्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक से प्रिंसिपल चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. वंदना छाबड़ा डिप्टी डायरेक्टर डॉ. कैलाश कुमार एवं सेवा कर्मचारियों के टीम का एवं हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड चिकित्सालय से डॉ. सलमा शाह डॉ. सुरेश मेघवाल एवं हिंदुस्तान जिंक से डिप्टी सी.ई.ओ कृष्ण मोहन नारायण, सी.एच.आर.ओ. एम.मुनीश वासुदेवन, डिप्टी सी.एच.आर.ओ. मनमीत सिंह एवं एच.आर. पीयूष वर्डिया का पूर्ण सहयोग रहा। इस आयोजन में इंडियन इंडियन रेड ' ॉस सोसाइटी जिला शाखा के, कोषाध्यक्ष राकेश बापना आजीवन सेवाभावी सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, दलपत जैन, आर.सी.मेहता, के.एस.नलवाया, नवल सिंह खमेसरा, डॉ.राजश्री गांधी, सुश्री प्रेमलता मेहता, किरण शर्मा, डॉ.कीर्तिका भटनागर, गौरव सुराणा, कविता सुराणा, शाखा कर्मचारी मुरली सोनी, आजाद बोर्दिया एवं दोनो शिविर स्थल के कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। सभी रक्तदाता, डॉक्टर्स, चिकित्सा कर्मियों को संस्था की और से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# अमृत स्टेशन योजना से डूंगरपुर रेलवे स्टेशन की बदलेगी तस्वीर

### 18 करोड़ रुपये से होगा सौंदर्यीकरण



स्मार्ट हलचल | रितिक मेहता

**डूंगरपुर।** अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश के 500 से अधिक स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है जिसमें अजमेर मण्डल का डूंगरपुर स्टेशन भी शामिल है। योजना के तहत डूंगरपूर रेलवे स्टेशन का करीब 18 करोड़ की लागत से कायाकल्प होने जा रहा है। स्टेशन बिल्डिंग के डिजाइन में स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला की झलक व रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित कर उन्हें उच्च स्तरीय यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक सुनील कुमार महला ने बताया कि मण्डल रेल प्रबंधक राजीव धनखड़ के निर्देशन में इस स्टेशन के कायाकल्प का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। डूंगरपुर स्टेशन पर विभिन्न निर्माण कार्य जारी है। प्लेटफॉर्म नंबर 1, 2 व 3 पर प्लेटफॉर्म शेल्टर व कोटा स्टोन फ्लोरिंग और स्टेशन बिल्डिंग के प्रथम तल का कार्य चल रहा है। ओवर हेड वाटर टेंक का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत डूंगरपुर स्टेशन पर 18.43 करोड़ रुपये की लागत से कई विकास कार्य किए जाएंगे। अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार के साथ सर्कुलेटिंग क्षेत्र का विकास, ऑटो, दोपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग, प्रवेश कक्ष, कोच इंडिकेशन बोर्ड, पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग शौचालय के साथ बेहतर सुविधायुक्त प्रतीक्षा कक्ष, नया वीआईपी कक्ष, नया बुकिंग कार्यालय, संपूर्ण स्टेशन भवन के आंतरिक भाग का सुधार, स्टेशन भवन के अग्रभाग का सुधार, अतिरिक्त प्लेटफार्म शेल्टर, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं के साथ नए शौचालय ब्लॉक और पानी बूथ, बेहतर साइनेज, बेहतर फर्नीचर, 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज और लिफ्ट की स्थापना जैसे कार्य किए जाएंगे। डूंगरपुर रेलवे स्टेशन का आने वाले समय मे कायापलट होने के साथ ही यात्रियों को उच्च स्तर की यात्री सुविधाए मिल सकेंगी।

# स्कूली वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान शुरू

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

परिवहन विभाग स्कूली बच्चों के वाहनों की आकस्मिक जांच के लिए विशेष जांच अभियान प्रारम्भ करने जा रहा है। प्रादेषिक परिवहन अधिकारी नेमीचन्द पारीक ने बताया कि अगले कुछ दिनों में सरकारी एवं निजी विद्यालयों का नवीन सत्र प्रारम्भ होने वाला है। विभागीय अधिकारियों एवं उड़नदस्तों द्वारा स्कूली बच्चों को लाने ले जाने वाले वाहन, स्कूल बस एवं अन्य यात्री वाहन जैसे टेम्पो-ऑटो रिक्षा के फिटनेस, परमिट, प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र, चालकों के लाईसेंस, वाहनों के स्पीड गवर्नर आदि की विषेष जांच की जायेगी। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों ने स्कूली बच्चों का परिवहन करने वाले वाहनों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देष दिए हैं। पारीक ने स्कूल संचालकों से अनुरोध किया है कि नए शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व ही वे उनके स्कूल की बसों एवं अन्य वाहनों की फिटनेस, परमिट, प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र, लाइसेंस आदि की वैधता सुनिश्चित करके ही बच्चों को लाने ले जाने में वाहनों का प्रयोग करें अन्यथा जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर वाहन की जब्ती एवं अन्य कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। पारीक ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को वैध एवं सुरक्षित वाहनों से स्कूल भेजें।

# 300 जोड़ों के सामूहिक नवकार महामंत्र जाप से हुआ तीन दिवसीय संयम शताब्दी महोत्सव का आगाज

### >> सामूहिक नवकार महामंत्र के जाप में उमड़े श्रावक-श्राविकाएं >> 35 लक्की ड्रॉ में विजेता श्रावक-श्राविकाओं को मिला चांदी का सिक्का

स्मार्ट हलचल | उदयपुर






अखिल भारतवर्षीय श्री गुरु पुष्कर संगठन समिति उदयपुर की ओर से शुक्रवार को नवकार महामंत्र के आराधक, साधना के शिखर पुरूष, विश्वसंत उपाध्याय गुरुदेव पुष्कर मुनि महाराज का तीन दिवसीय संयम शताब्दी समारोह का आगाज 300 से अधिक जोड़ों के सामूहिक नवकार महामंत्र के जाप से हुआ। अध्यक्ष संजय भण्डारी एवं मंत्री श्याम झगड़ावत ने बताया कि शास्त्री सर्कल स्थित श्री तारक गुरु जैन ग्रंथालय में प्रातः 7.30 बजे नवकार महामंत्र जाप हुआ जिमसें 300 से अधिक जोड़ों ने सामूहिक जाप कर गुरुदेव पुष्कर मुनि महाराज के संयम शताब्दी महोत्सव में धर्म प्रभावना में वृद्धि की। जाप में महिलाएं लाल चुन्दड़ एवं पुरूष श्वेत परिधान में शामिल हुए। भण्डारी ने बताया जाप कार्यक्रम में कि महाश्रमण गुरुदेव जिनेन्द्र मुनि महाराज, रितेशमुनि महाराज, प्रभातमुनि महाराज, डॉ. हर्षप्रभा का सान्निध्य प्राप्त हुआ। प्रखर वक्ता प्रभातमुनि महाराज ने बताया कि नवकार महामंत्र का जाप करने से आत्मा की शुद्धि होती है। पण्डितर| रितेशमुनि महाराज ने जाप कारने से तन-मन में एकाग्रता आती है इससे हमारा एवं हमारी आत्मा का कल्याण होता है। महाश्रमण गुरुदेव जिनेन्द्र मुनि महाराज ने कहा कि गुरुदेव पुष्कर मुनि महाराज नवकार महामंत्र के आराधक थे । जाप से मन में विकार एवं ईर्श्या की भावना कम होती है। मन में शुद्धि आती है और घर-समाज में शांति कायम होती है। वहीं संगठन समिति द्वारा जो तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है उसकी प्रसंशा की। समिति अध्यक्ष संजय भण्डारी ने जाप में आने वाले सदस्यों को शब्दों द्वारा स्वागत किया गया। उपस्थित 300 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं के जोडों में से 35 लक्की ड्रॉ निकाले जिन्हे चांदी के सिक्क वितरित किए गए। इस अवसर नरेन्द्र सेठिया, मयंक करणपुरिया, लोकेश कोठारी, राजेन्द्र हिंगड, वैभव भण्डारी, गोपाल सोलंकी, पानील पोखरना, रमेश खोखावत, भंवर सेठ, निर्मल पोखरना आदि मौजूद रहे।

**आज उदयपुर से गोगुन्दा तक निकलेगी नमन यात्रा -**

शनिवार 15 जून को शास्त्री सर्कल स्थित श्री तारक गुरु जैन ग्रंथालय से गोगुन्दा सेमटाल स्थित गुरु पुष्कर तीर्थ पावन धाम तक चार पहिया वाहन से नमन यात्रा निकाली जाएगी। नमन यात्रा में करीब 200 चार पहिया वाहनों को नगर निगम के उपमहापौर पारस सिंघवी हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। भण्डारी ने आव्हान किया कि समाज के प्रत्येक घर से एक कार आए एवं उसके परिवार के सदस्यों को बैठाकर नमन यात्रा में सहभागिता निभाएं। युवाओं की समाज में भागीदारी बढ़ाने के लिए इस नमन यात्रा में सम्मिलित होने का आव्हान किया।

**-16 जून को होंगे ये आयोजन :**

पुष्कर युवा मंच के अध्यक्ष प्रवीण पोरवाल ने बताया कि अंतिम दिन रविवार 16 जून को टाउन हॉल स्थित सुखाडिया रंगमंच पर प्रातः 9 बजे गुरु गुणगान एवं सम्मान समारोह का आयोजन होगा। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार में सहकारिता मंत्री गौतम दक होंगे। अध्यक्षता उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन करेंगे, विशिष्ठ अतिथि के रूप में आईएफ्एस आर के जैन होंगे। झण्डारोण सुरत के उमेश बोल्या करेंगे। संरक्षक भंवर सेठ, निर्मल पोखरना ने बताया कि मुख्य समारोह के पश्चात गौतम महाप्रसादी होगी।

# डाकघर में 30 जून तक रविवार को भी आधार सुविधाएं उपलब्ध

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

डाक विभाग उदयपुर मण्डल द्वारा उदयपुर प्रधान डाकघर, कांकरोली प्रधान डाकघर, शास्त्री सर्कल उपडाकघर और हिरण मगरी उपडाकघर मे आधार पंजीकरण एवं संशोधन हेतु आधार काउंटर की सुविधा उपलब्ध है, जो अब रविवार को भी संचालित रहेगा। प्रवर अधीक्षक डाकघर अक्षय गाड़ेकर ने बताया कि नागरिकों की आधार संबंधी समस्याओं को देखते हुए एवं राज्य सरकार की खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन वितरण आधार प्रमाणीकरण के लिए उदयपुर प्रधान डाकघर, कांकरोली प्रधान डाकघर, शास्त्रीसर्कल उपडाकघर और हिरणमगरी उपडाकघर आधार संबंधी कार्य जैसे आधार कार्ड पंजीकरण, नवीनीकरण अद्यतन रविवार और डाक अवकाश को भी किया जायेगा। यह व्यवस्था अस्थाई रूप से 30 जून तक रहेगी।



# पेट की गैस

## कहीं बड़ी समस्या में न बदल जाए

आजकल पेट में गैस बनना एक साधारण बात हो गई है। पाचन तंत्र में विकार उत्पन्न होने की वजह से उदर और आंतों में गैस की समस्या उत्पन्न हो जाती है है। गैस बनना किसी रोग का लक्षण भी हो सकता है। अधेड़ उम्र के लोग इससे अधिक पीड़ित रहते हैं। क्योंकि इस उम्र में पाचन क्रिया कमजोर होने लगती है। लोग अक्सर इसे आम समस्या समझकर नजर अंदाज कर दिया करते हैं।

**गैस** उदर या आंतों में बनती है। उदर व आंत शरीर के वे भाग हैं जिसमें आहार का पाचन होता है। पाचन के लिए आमाशयिक रस की जरूरत होती है। अमाशयिक रस में एंजाइम, पेप्सिन, लाइपेज और रेनिन होते हैं। पेप्सिन, हाइड्रो क्लोरिक अम्ल के साथ मिलकर प्रोटीन को पेप्टीन में बदलता है। रेनिन, दूध के केसीनोजन को गाढ़ा करता है और लाइपेज वसा का पाचन कराता है। अमाशयिक रस द्वारा ही कुछ विषैले पदार्थ जैसे विष, धातु, अल्केलोइड्स आदि निकलते हैं। अनावश्यक जीवाणुओं व कीटाणुओं का नाश भी अमाशयिक रस के द्वारा ही होता है। खाने की चीजों के पाचन के लिए अमाशयिक प्रक्रिया के दौरान पोषक तत्व सोख लिए जाते हैं, और अनचाहे अवशेष मलमूत्र के रूप में शरीर से बाहर निकल जाते हैं। पाचन क्रिया के तहत रासायनिक प्रक्रिया होती है और गैस बन जाती है। गैस का अधिक या कम बनना पाचन शक्ति, व्यक्ति की आयु, शारीरिक और मानसिक रोग और खाने की चीजों के मिश्रण आदि पर निर्भर होता है।

पेट की गैस दो प्रकार की होती है। एक तो वह जो भोजन करते समय हमारे पेट में पहुंच जाती है। जैसे? नाइट्रोजन, ऑक्सीजन। दूसरी कार्बन डाइआक्साइड, हाइड्रोजन और मीथेन है जो पाचन प्रक्रिया के दौरान आंतों में बनती है। एक स्वस्थ व्यक्ति में ये गैसें कम मात्रा में होती हैं जो कि मलद्वार या डकार से आसानी से बाहर निकल जाती हैं। परन्तु अधिक मात्रा में गैस बनने और पाचन क्रिया के दौरान इसके भोजन में मिलने के कारण इससे कष्ट देने वाले लक्षण पैदा होने लगते हैं। इन लक्षणों में मुख्य है। खाना खाने के एक या दो घंटे पश्चात पेट में भारीपन महसूस होता है और सांस लेने में भी तकलीफ होती है तथा मलद्वार से अधिक गैस निकलने के कारण आंतों में अनपचे कार्बोहाइड्रेट का बैक्टीरिया द्वारा फर्मेंटेशन होता है। ये गैसें अधिकतर हाइड्रोजन कार्बन डाईआक्साइड और मीथेन होती हैं। सामान्यतः इनमें कोई गंध नहीं होती।

पेट के दर्द की वजह गैस नहीं है। दर्द आंतों की गतिशीलता में कमी की वजह से होता है। ज्यादा गैस बनना किसी गंभीर रोग से संबंधित हो सकता है। खट्टी डकारें आना, पेट का फूलना और मलद्वार से दुर्गंधमय गैस निकलने को नजरअदांज नहीं किया जाना चाहिए। इन का पूरा इलाज होना जरूरी है। उदर के रोग जैसे गैस्ट्राइटिस, पेट में अल्सर या पेप्टिक कैंसर, आंतों के रोग एंट्राइटिस, अल्सर, एमीबाइसिस तथा जिआर्डिएसिस आदि से भी गैस की समस्या हो सकती है।

इसके अलावा हवाई यात्रा में भी गैस विकार की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। हवाई यात्रा के दौरान इस रोग से ग्रस्त लोगों को अधिक सावधानी की आवश्यकता होती है क्योंकि हवाई जहाज में वायुमण्डल का दबाव कम होने के कारण उदर की गैस आयतन में तीस प्रतिशत की वृद्धि हो जाती है और कष्टदायक लक्षण सामने आने लगते हैं।

मुंह और सांस लेने के अंगों में विकारों की वजह से भी गैस की समस्या हो सकती है। नाक, सांस में बाधा, टौंसिल और एडिनाइड का इलाज आसानी से संभव हो सकता है और अगर गैस की समस्या इनके कारण से हो तो उसे दूर किया जा सकता है। इसी तरह दांतों के विकार और कृत्रिम दांतों की बनावट के कारण होने वाले विकार भी गैस के लक्षण हो सकते हैं।

शिशुओं में भी गैस विकार की समस्या पाई जाती है। शिशु मां से या बोतल से दूध पीते समय मुंह से हवा अंदर ले लेते हैं। इस प्रकार दूध के साथ-साथ आक्सीजन और नाइट्रोजन गैसें भी उनके पेट में पहुंच जाती हैं। यदि पेट में गैस ज्यादा मात्रा में हो जाती है तो वह दूध पीना छोड़ देता है और बेचैनी महसूस करता है, रोने लगता है और यदि यह गैस समय पर डकार द्वारा नहीं निकलती है तो या तो शिशु उल्टी कर देता है या फिर उसे असमय ही गैस के साथ मल हो जाता है।

गैस निकालने के लिए बच्चे को



दूध पिलाने के बाद कंधे से लगाकर पीठ थपथपानी चाहिए, जब तक कि वह डकार न ले ले। गैस के विकार से होने वाली समस्या से बचने के लिए खाने?पीने में सफाई की आदत की जरूरत होती है। जल्दी-जल्दी जरूरत से ज्यादा खाना, खाते समय, चिंता या मानसिक तनाव से ग्रस्त होना, भोजन के समय बीच-बीच में ज्यादा पानी पीना आदि गैस की परेशानी को और अधिक बढ़ाते हैं। जुलाब की गोलियों का बार-बार इस्तेमाल भी हानिकारक होता है।

गैस के अलग-अलग शारीरिक और रोगात्मक कारण होते हैं इसलिए हर किसी के लिए एक सा भोजन उपयुक्त नहीं होता। जिन खाने की चीजों से गैस बनने की संभावना हो उनसे बचना चाहिए। कोका कोला, पेप्सी, सोड़ा आदि पेय ज्यादा गैस पैदा करते हैं क्योंकि इन सब में कार्बन डाईआक्साइड तथा सोड़े की मात्रा ज्यादा होती है। ऐसी खाने की चीजों से भी बचना चाहिए जिन में लेक्टोज की मात्रा ज्यादा होती है। बच्चों को लेक्टोज रहित आहार के तहत न्यूट्रा माइजेन जैसे एमिनो एसिड, प्रोटीन हाइड्रोलाइसेट या फिर सोयाबीन का दूध दिया जा सकता है। बड़ों को सभी प्रकार के दूध, आइस्क्रीम, चीज, दूध से बनी मिठाई, दूध से बने पेय, सफेद ब्रेड, बिस्कुट, क्रीम सूप, क्रीम युक्त व्यंजन और ठंडे मांसाहार से बचना चाहिए।

कुछ सब्जियां और फल भी अधिक गैस बनाते हैं। फूल गोभी, पत्ता गोभी, सूखी फलियां, ककड़ी, हरी मिर्च, सलाद, मटर, मूली, प्याज, कच्चे सेब, तरबूज, खरबूजा आदि अधिक गैस बनाते हैं। तले हुए या वसायुक्त पदार्थों से भी ज्यादा गैस बनती है। इनके इस्तेमाल से आंतों में कार्बन डाईआक्साइड बनती है।

अन्य रोगों की तरह गैस विकार की समस्या पर काबू पाने के लिए भी नियमित व्यायाम और योगाभ्यास लाभदायक होते हैं। सुबह शाम 2-4 किलोमीटर तक घूमना गैस की समस्या को दूर करने के लिए अच्छा व्यायाम है। इससे रक्त संचार भी ठीक बना रहता है। पाचन शक्ति भी सही रहती है। मानसिक तनाव से दूर रहते हुए शांति से सादा भोजन, इसका सबसे बड़ा इलाज है।

खाना खाते वक्त कम पानी पीना चाहिए। क्योंकि अधिक पानी पाचन के लिए हानिकारक होता है। रात को देर से भोजन करना भी गैस की समस्या को बढ़ाता है। भोजन को ठीक से पचने के लिए 6-8 घंटे लगते हैं। इसके लिए पूर्ण आराम और 7-8 घंटे की नींद आवश्यक होती है। इन सावधानियों को बरतने के बाद भी यदि गैस से पीछा न छूटे तो किसी विशेषज्ञ से सलाह लें।

# सेहत की कुछ बातें



बाल्यावस्था के दिन मौज–मस्ती और नटखटपन के होते हैं। हालांकि इसी अवस्था में शरीर का सही विकास भी होता है। इसलिए इस उम्र में बच्चों के खानपान पर समुचित ध्यान देना चाहिए। यह माता–पिता और अभिभावकों का दायित्व है कि वे अपने बच्चों में सेहत के प्रति सजगता की आदत बचपन से ही डालें। बाल्यावस्था में बच्चों में मोटापा, वजन कम होना, एनीमिया और दांतों संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं। कुछ बच्चों में व्यवहार सीखने संबंधित समस्याएं भी पैदा होती हैं। ऐसे बच्चों को अपनी उम्र के अन्य बच्चों के साथ घुलने–मिलने में दिक्कत होती है।

### बहुत जरूरी है नाश्ता

सुबह का नाश्ता करने के लिए बच्चों को अवश्य प्रोत्साहित करें। ज्यादातर बच्चे स्कूल जाने से पहले अच्छी तरह नाश्ता नहीं करते। चिकित्सकों का कहना है कि बच्चों को संतुलित और पौष्टिक नाश्ता करवाकर ही स्कूल भेजें। बच्चे को दिन में तीन मुख्य आहार और दो से तीन बार स्नैक्स जरूर देने चाहिए। स्नैक्स का सबसे अच्छे विकल्प फल हैं। ड्राई फ्रूट्स भी स्नैक्स के अच्छे विकल्प हैं।

### स्कूल भी ध्यान रखें

ज्यादातर स्कूल की कैंटीन में खानपान की स्वास्थ्यकर वस्तुएं उपलब्ध नहीं होतीं। यहां समोसा, चाऊमिन और बर्गर आदि वस्तुएं ही उपलब्ध होती हैं। ये वस्तुएं कभी-कभी खायीं जाएं तो ही ठीक रहता है। प्रतिदिन जंक फूड और फास्ट फूड का सेवन बच्चों की सेहत के लिए सही नहीं रहता है। इसलिए माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चे को स्वास्थ्यप्रद वस्तुओं से युक्त टिफिन बाक्स देकर ही स्कूल भेजें।

### सामाजिक समारोह

बदलते दौर में माता-पिता के साथ बच्चे भी सामाजिक समारोहों में बढ़-चढ़कर शिरकत करते हैं। मसलन, बर्थ-डे पार्टी में जाना, पिकनिक पर जाना, शॉपिंग मॉल आदि जगहों पर जाना। इन स्थानों पर खाने-पीने की जो वस्तुएं उपलब्ध होती हैं, उनमें से ज्यादातर स्वास्थ्यकर नहीं होतीं। ऐसे स्थानों पर बच्चों को एक बेहतर विकल्प चुनने की राय देनी चाहिए।

### मोटापा

अपने देश में बाल्यावस्था में होने वाले मोटापे की समस्याएं बढ़त पर हैं। आप बच्चे में खानपान से संबंधित अच्छी आदतें डालकर उन्हें मोटापे से बचा सकती हैं। इसके लिए उन्हें शुगर युक्त खाद्य पदार्थो से दूर रखें और उनके आहार में सब्जियां व फलों की मात्रा बढ़ाएं। बच्चे को यह भी समझाना चाहिए कि उसे मिठाइयों व ऐसे पेय पदार्थो से दूर रहना चाहिए, जिनमें शुगर ज्यादा रहती है। बच्चे को फल व सब्जियां खाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यदि पहले से ही आपका बच्चा मोटा है तो उसे शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

### वजन कम होना

कुछ बच्चों का वजन लंबाई के अनुपात में काफी कम होता है। कुछ बच्चों की आदत कम खाने की होती है। उनकी यह प्रवृत्ति माता-पिता के लिए परेशानी का कारण बन जाती है। ऐसे बच्चों के बारे में माता-पिता को यह मालूम करना चाहिए कि उन्हें कौन से खाद्य पदार्थ पसंद हैं। संभव है कि पसंदीदा खाद्य पदार्थ न मिलने के कारण वे कम खाते हों। उन्हें प्यार से समझाकर स्वास्थ्यवर्द्धक भोजन दें। अगर बच्चे का वजन कम है तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप उसे शुगरयुक्त खाद्य पदार्थो को खाने की अनुमति प्रदान करें। शुगरयुक्त खाद्य पदार्थो का अधिक सेवन नुकसानदेह ही होता है।

### दांतों की समस्या

दांतों में दर्द होना और कीड़ा लगना एक आम समस्या है। इस समस्या से बचने के लिए बच्चों में यह आदत डालें कि वे रात में भी सोने से पहले टूथब्रश करें। रात में शुगरयुक्त खाद्य पदार्थो को कम से कम खाने की सलाह दें।

### खून की कमी

खून की कमी अर्थात एनीमिया से ग्रस्त बच्चे थोड़ा सा काम करने पर थकान महसूस करने लगते हैं। उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती नहीं रहती। इसके चलते बच्चों की मानसिक क्षमता भी कम होने लगती है। एनीमिया की कमी दूर करने के लिए बच्चों को हरी पत्तेदार सब्जियां दें। इसके अलावा उन्हें प्रतिदिन थोड़े से ड्राई फ्रूट्स भी खाने को दें। इससे उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती बनी रहती है।





# जिंदगी के 14 साल कम कर देगी आपकी यह गलती

अगर आप अपने बढ़ते वजन पर कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं, न तो डाइट सेहतमंद लेते हैं और न ही खुद को फिट करने के लिए कसरत करते हैं तो आप अपने जीवन के 14 साल कम कर रहे हैं।यकीन नहीं आता तो अमेरिका के नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट द्वारा करवाए गए शोध पर गौर करें। शोधकर्ता का दावा है कि मोटापे के शिकार वे लोग जिनका बीएमआई 40 से अधिक है, उनका जीवनकाल 14 साल घट जाता है।

**कई रोगों का है खतरा** – पिछले 20 अलग-अलग शोधों के आधार पर किए गए इस अध्ययन में अत्याधिक मोटापे के कारण दिल के रोगों, कैंसर और डायबिटीज जैसे रोगों की आशंका जताई है। उन्होंने अपने अध्ययन में अधिक बीएमआई वाले लोगों के वजन की तुलना सामान्य वजन वाले लोगों से की है और इसी आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है। शोधकर्ता कैरी कितहारा के अनुसार, हमने अपने अध्ययन में पाया कि मोटापे की समस्या जिन लोगों को है उनकी मृत्यु दर सामान्य वजन वाले लोगों की अपेक्षा 2.5 गुना अधिक है।

**ये उपाय हैं मददगार** – शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में माना है कि खानपान और जीवनशैली पर नियंत्रण, कसरत और सेहतमंद डाइट की मदद से वजन को नियंत्रित रखा जा सकता है और असमय मृत्यु के रिस्क को कम किया जा सकता है।

# नवजात शिशुओं को रोगों से बचाएगी यह नई थेरेपी



जन्म के समय ऑक्सीजन की कमी से जूझ रहे नवजात शिशुओं को कूलिंग थेरेपी देने से उन्हें सेरेब्रल पॉल्सी जैसी बीमारी से बचाया जा सकता है।

प्रसिद्ध शोध पत्रिका न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन के एक अध्ययन में यह पता चला है। इस शोध के अनुसार स्कूल जाने की उम्र में इन बच्चों का आईक्यू (इंटेलीजेंस कोशेंट) भी बेहतर होता है।

कूलिंग थेरेपी में नवजात शिशु को एक खास मैट पर तीन दिन तक 33 डिग्री सेंटीग्रेड पर रखा जाता है। इससे उनका दीर्घकालिक मानसिक क्षति से बचाव होता है।

ब्रिटेन में हर 500 में से एक नवजात शिशु को जन्म के समय ऑक्सीजन की कमी का सामना करता है।

ऑक्सीजन की कमी के कारण मस्तिष्क की कोशिकाएं मरने लगती हैं। इससे बच्चों के दिमाग़ को क्षति पहुंच सकती है, यहां तक कि कई बार उनकी मौत का ख़तरा भी रहता है।

कुछ समय पहले तक इस बीमारी का कोई स्वीकार्य तरीका नहीं था।

जीवित रहने की संभावना

साल 2009 में 300 से अधिक नवजात शिशुओं पर एक अध्ययन हुआ। उन्हें कूलिंग ट्रीटमेंट या थेरेप्युटिक हाइपोथर्मिया दिया गया।

इसके बाद पाया गया कि 18 महीने के शिशुओं में होने वाली मस्तिष्क की क्षति कम की जा सकती है।



कूलिंग थेरेपी वाले 45 फ़ीसदी नवजात शिशुओं में मस्तिष्क से जुड़ी कोई असामान्यता नहीं मिली। जबकि सामान्य उपचार वाले 28 फ़ीसदी बच्चों में दिमाग़ से जुड़ी असामान्यता पाई गई।

इसी तरह सामान्य थेरेपी वाले 36 फ़ीसदी बच्चों की तुलना में कूलिंग थेरेपी वाले केवल 21 फ़ीसदी नवजात शिशुओं में ही सेरेब्रल पॉल्सी पाई गई।

शोधकर्ताओं के मुताबिक़ अब अगला क़दम यह देखना होगा कि हाइपोथर्मिया के इलाज और सामान्य जीवित रहने की संभावना कैसे बढ़ाई जा सकती है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com